दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





फिल्म आसरा का फर्स्ट लुक आउट...

उर्वशी का गुमा 24 कैरेट गोल्ड का आई फोन....

वर्ष : 09 | अंक : 311 | लखनऊ, 17 अक्टूबर, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 22.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,166.93

निफ्टी 19,731.75

# बेटियों और महिलाओं की होगी पूरी सुरक्षा

## यूपी में एंटी रोमियो स्क्वायड की 1678 टोलियां तैनात

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपी की बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दृढ़ संकल्पित योगी सरकार की एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूट रही है। प्रदेश में शोहदों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।6 माह के अभियान में 1678 एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा एक्शन लिया गया, इसमें 3324 पुरुष और 4090 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं।स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 30,76,246 स्थानों की चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं।इन स्थानों पर कुल 1,34,33,261 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7563 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 9512 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।वहीं 48,92,991 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।एंटी रोमियो स्क्वायड ने पूरे प्रदेश में जोन और कमिश्नरेट स्तर पर कार्रवाई की।

### सबसे ज्यादा आगरा जोन के मनचलों पर चला स्क्वायड का चाबुक

डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा शोहदों-मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।इस क्रम में प्रदेश भर में स्क्वायड की ओर से 6 माह में विशेष अभियान चलाया गया। ऐसे में जोन स्तर पर कार्रवाई के लिए 8 जोन में 1413 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 2977 पुरुष पुलिसकर्मी और 3499 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 25,40,012 स्थानों पर चेकिंग की।इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 97,75,616 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।इस दौरान 7097 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 8951 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 44,31,216 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा जोन में की, जहां 474493 स्थानों की चेकिंग करते हुए 12,73,120 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।वहीं 637 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 1114 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।इसी तरह दूसरे नंबर पर बरेली जोन, तीसरे नंबर पर लखनऊ जोन, चौथे नंबर पर वाराणसी और पांचवे नंबर पर गोरखपुर जोन है।



### प्रदेश के सात कमिश्नरेट में भी शोहदों पर खूब हुई कार्रवाई

प्रदेश के सात कमिश्नरेट में 265 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 347 पुरुष पुलिसकर्मी और 591 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं।स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 5,36,234 स्थानों पर चेकिंग की। इन स्थानों पर कुल 36,57,645 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 466 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 561 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।वहीं 4,61,775 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में की, जहां 1,35,752 स्थानों की चेकिंग करते हुए 5,01,165 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 60 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 92 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर लखनऊ, तीसरे नंबर पर कानपुर, चौथे नंबर पर गौतमबुद्धनगर और पांचवें नंबर पर गाजियाबाद कमिश्नरेट है।

# कांग्रेस केवल लूट की गारंटी दे सकती है : जेपी नड्डा

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दावा किया कि विपक्षी दल केवल लूट की गारंटी दे सकता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार के जरिए धन एकत्र करने की खातिर कर्नाटक को एटीएम में बदल रही है ताकि अपने चुनाव प्रचार के पैसे जुटा सके। नड्डा ने कर्नाटक में विभिन्न जांच एजेंसी की छापेमारी में कुछ ठेकेदारों के पास से 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि कथित रूप से मिलने का हवाला देते हुए कहा कि यह शर्मनाक और मतदाताओं के साथ घिनौना मजाक है। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यह कांग्रेस के भ्रष्ट डीएनए का महज एक छोटा सा नमूना है। उन्होंने कहा, सत्ता में आने के साथ ही कांग्रेस का भ्रष्टाचार कर्नाटक में सुरसा के मुख की तरह फैल चुका है।

उन्होंने तत्कालीन भाजपा सरकार में ठेकेदारों को भारी कमीशन देने पर मजबूर किए जाने संबंधी आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस समर्थित यही ठेकेदार कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के खिलाफ झूठ परोसने में सक्रिय थे। नड्डा ने कहा, यह कर्नाटक का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार ने इसे धनशोधन, भ्रष्टाचार और आगामी चुनावों के लिए पैसे जुटाने का एटीएम बना दिया है। जाहिर है कि कांग्रेस जो गारंटी दे सकती है वह हमेशा भ्रष्टाचार की गारंटी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस सरकारों ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान को भी भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया है और वह तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश को भी ऐसा ही एटीएम बनाकर जनता की गाढ़ी कमाई लूटना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ पूजा पास आते ही दिल्ली में फिर शुरू हुई यमुना पर राजनीति

#### जल को केजरीवाल ने जहरीला बना दिया : बीजेपी

**नई दिल्ली,** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में प्रदूषण के स्तर का जायजा लेने के लिए दिल्ली के एक यमुना घाट का दौरा किया। दोनों ने राष्ट्रीय राजधानी में नदी की सतह पर तैर रहे जहरीले झाग के बीच एक नाव की सवारी की। पत्रकारों से बात करते हुए, भाजपा नेताओं ने नदी को साफ करने में विफल रहने के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की आलोचना की। सचदेवा ने यमुना नदी के तटों का दौरा करने के बाद कहा, जल्द ही, छठ त्योहार शुरू होने वाला है और दिल्ली के लोग 'छठी मैया' के प्रति समर्पित हैं। अभी हम यहां यमुना में जो स्थिति देख सकते हैं वह खतरनाक है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यमुना मां की हत्या की है... यह इतनी खतरनाक स्थिति में है कि अगर कोई इसमें हाथ डाले तो उसे बीमारी हो जाए।उन्होंने कहा कि छठ के दौरान जब लोग इसमें स्नान करेंगे तो उनके साथ क्या होगा? अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक मुकदमा होना चाहिए। वहीं, मनोज तिवारी ने कहा कि छठ का त्योहार आ रहा है और छठ की आस्था ऐसी है कि महिलाएं जल में डुबकी लगाती हैं लेकिन डुबकी लगाने वाले जल को अरविंद केजरीवाल ने जहरीला बना दिया है, हमने आज उसका निरीक्षण किया। यह बहुत बड़े अपराध की निशानी है, हम उच्च प्राधिकारी को यह सब बताएंगे और सुप्रीम कोर्ट से भी निवेदन करेंगे कि इसका संज्ञान लें।

### वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन जी20 में आर्थिक विचारों पर छाया रहा: संघ प्रमुख भागवत

नई दिल्ली, सनातन धर्म को भारतीय संस्कृति का सार बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हाल के जी20 शिखर सम्मेलन में वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन आर्थिक विचारों पर छाया रहा। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन और फ्रांस जैसे देशों वाले प्रभावशाली समूह का शिखर सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसका विषय वसुधैव कुटुंबकम-एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य था। संघ प्रमुख ने यहां जम्मू-कश्मीर में संगठन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में जी20 पहल की योजना के माध्यम से आर्थिक विचारों पर मानवीय विचार छाए रहे। उन्होंने कहा कि जी20 आर्थिक और कूटनीतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इन पहलुओं पर चर्चा होती है। भागवत ने कहा, भारत मेजबान बना और परिणाम क्या रहा? जो लोग आर्थिक विचारधारा में विश्वास करते हैं, उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मानवीय विचारों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम का मानवीय दर्शन हाल के जी20 में आर्थिक विचारों पर छाया रहा।

# मिजोरम के 90% विधायक करोड़पति, 5% पर क्रिमिनल केस

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिजोरम के मौजूदा विधायकों में से कम से कम 35 विधायक (विधान सभा के सदस्य) करोड़पति हैं। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के 27 में से 23 (85%) विधायकों ने 1 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। जोरम पीपुल्स मूवमेंट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी विधायक करोड़पति हैं। सबसे अधिक नेटवर्थ वाले विधायक एमएनएफ के रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे हैं, जिनकी संपत्ति लगभग 44.75 करोड़ है। एमएनएफ के रामथनमाविया की कुल संपत्ति लगभग 17 करोड़ है और जोरम पीपुल्स मूवमेंट के लालछुआनथंगा ने 13 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। सबसे कम नेटवर्थ वाले विधायक टीजे लालनंटलुआंगा हैं, जिनकी संपत्ति 43.6 लाख है। मिजोरम के एक मौजूदा विधायक की संपत्ति की औसत कीमत 4.8 करोड़ है। यह आंकड़ा कांग्रेस विधायकों के लिए सबसे अधिक है, जिनके पास औसतन 5.13 करोड़ की संपत्ति है, जबकि भाजपा के लिए यह सबसे कम है, जिनके एक विधायक की औसत संपत्ति 3.31 करोड़ है।

# राम मंदिर के तर्ज पर बने दुर्गा पूजा पंडाल का अमित शाह ने किया उद्घाटन

### बिना नाम लिए ममता पर साधा निशाना

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

**कोलकाता,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजनीति पर बात न करते हुए भी राजनीति पर बात की। शाह सोमवार को मध्य कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा (भाजपा पार्षद सजल घोष द्वारा शुरू की गई) का उद्घाटन करने आए थे। उस मंच से शाह ने कहा, "मैं आज राजनीति पर बात करने नहीं आया हूं। लेकिन मैं राजनीति के बारे में बात करने के लिए बंगाल वापस आऊंगा। मैं राजनीति के बारे में बात करूंगा। मैं यहां बदलाव के लिए अपनी सारी ऊर्जा झोंक दूंगा।" शाह ने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया।



लेकिन उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य क्या है। इस बार संतोष मित्रा स्क्वायर की थीम अयोध्या का राम मंदिर है।

पूजा का उद्घाटन करते हुए शाह ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन जनवरी में होने जा रहा है।' उससे पहले कलकत्ता के लोगों ने राम मंदिर का उद्घाटन किया। दुर्गा पूजा के माध्यम से, कलकत्ता ने राम मंदिर के विचार को दुनिया भर के लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आज मैं पंडाल में जाकर माँ के आगे प्रार्थना करूंगा कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार जल्द समाप्त हो। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों की मानें तो ब्रह्मांड में हमेशा सद् शक्ति की रक्षा के लिए अनेक युद्ध करके रक्तबीज से लेकर शुंभ-निशुंभ तक अनेक आसुरी तत्वों का विनाश करने का काम किया है। अमित शाह ने कही भी मुख्य मंत्री ममता बनर्जी का नाम को नहीं लिया पर इशारों-इशारों में निशाना साधने का मौका भी नहीं छोड़ा।

शाह की कलकत्ता यात्रा वस्तुतः एक आश्चर्यजनक यात्रा थी। शाह छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए प्रचार करने के लिए सुबह गुजरात से रवाना हुए। वहां से वह कोलकाता आये। सजल पूजा का उद्घाटन करने के बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो गये। राजनीतिक हलकों में कई लोगों के अनुसार, 2021 के चुनावों से पहले बंगाल के सबसे अच्छे त्योहार के लिए भाजपा के केंद्रीय नेताओं का उत्साह हार के बाद कम हो गया था। बीजेपी की अपनी पूजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण- ये सब नहीं देखा गया। हालांकि, सप्तमी को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का राज्य में आने का कार्यक्रम है। शाह के दौरे से पहले रविवार को बीजेपी की बैठक में 'असहमति' दिखी। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी मौजूद थे लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष मौजूद नहीं थे। रविवार सुबह दिलीप ने फिर कहा कि उन्हें नहीं पता था कि अमित शाह आ रहे हैं।

# जिला मंत्री ने 2010 में नीलाम पुलिस भूखंड को सौंपने का दबाव डाला: पूर्व आईपीएस अधिकारी

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** पुणे की पूर्व पुलिस प्रमुख मीरान चड्ढा बोरवंकर ने एक किताब में दावा किया है कि तत्कालीन जिला मंत्री ने 2010 में उन पर उनके विभाग से संबंधित एक नीलाम भूखंड को विजेता बोली लगाने वाले को सौंपने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का दबाव डाला था। मैडम कमिश्नर किताब में जिला मंत्री के नाम का उल्लेख नहीं है, लेकिन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की सेवानिवृत्त अधिकारी का इशारा जाहिर तौर पर महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजीत पवार की ओर है। पवार उस समय पुणे जिले के संरक्षक मंत्री के पद पर थे, जब राज्य में कांग्रेस-राकांपा की सरकार थी। बोरवंकर 2010 और 2012 के बीच पुणे की पुलिस आयुक्त थीं। बाद में उन्होंने पुणे में अतिरिक्त महानिदेशक (जेल) के रूप में कार्यभार संभाला। पुस्तक के अनुसार, मंत्री ने जोर देकर कहा कि वह 2010 में शहर के यरवदा इलाके में नीलाम की गई तीन एकड़ पुलिस भूमि को शीर्ष बोली लगाने वाले को सौंपने का काम पूरा करें, लेकिन पुलिस अधिकारी ने यह कहकर पीछे हटने से इनकार कर दिया कि यह जमीन पुलिस विभाग के लिए नए कार्यालयों और आवासीय क्वार्टर के निर्माण के लिए उपयोगी होगी। पीटीआई-भाषा ने इस पर टिप्पणी के लिए बोरवंकर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें किए गए फोन कॉल और भेजे गए संदेश का कोई जवाब नहीं आया। किताब में बोरवंकर ने कहा कि एक दिन संभागीय आयुक्त ने उन्हें फोन किया और कहा कि जिला मंत्री पुलिस भूमि के सिलसिले में उनसे मिलना चाहते हैं। पुस्तक में लिखा है, ङ्कमुझे पता चला कि लगभग तीन एकड़ जमीन की नीलामी की गई थी और हमें इसे सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सौंपना था, जो बदले में मौजूदा पुलिस मुख्यालय में पुलिसकर्मियों के लिए पांच सौ आवासीय क्वार्टर का निर्माण करेगा। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ने लिखा कि तय कार्यक्रम के अनुसार वह संभागीय आयुक्त कार्यालय में जिला मंत्री से मिलीं। पुस्तक में वह लिखती हैं, उनके (जिला मंत्री) पास क्षेत्र का एक बड़ा कागज का नक्शा था। उन्होंने बताया कि नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है और मुझे शीर्ष बोली लगाने वाले को जमीन सौंपने के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

# दो दिन के दौरे पर आइजोल पहुंचे राहुल गांधी

### बोले- यहां के लोग सौम्य, दयालु और स्नेही हैं

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए चुनावी राज्य मिजोरम के दो दिवसीय दौरे पर आइजोल पहुंचे। मिजोरम कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष लालरेमरूता रेंथली ने कहा कि कांग्रेस सांसद त्रिपुरा की राजधानी अगरतला से एक हेलीकॉप्टर में सवार होकर आइजोल पहुंचे। नेता ने 7 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरूआत आइजोल में चानमारी से राजभवन तक पदयात्रा के साथ की है।



वह गवर्नर हाउस के पास एक रैली को संबोधित करेंगे। राहुल ने कहा कि मिजोरम के बारे में मेरी धारणा तब बनी जब मैं 16 साल का था जब मैं 1986 में अपने पिता के साथ यहां आया था। मिजोरम के लोग सौम्य, दयालु और स्नेही हैं।

रेंथलेई ने कहा कि राहुल गांधी मंगलवार को लुंगलेई से हेलिकॉप्टर से अगरतला होते हुए दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मिजोरम की 40 सीटों वाली विधानसभा के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती चार अन्य राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के साथ 3 दिसंबर को होगी। आगामी विधानसभा चुनाव राज्य के शासन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, और राहुल गांधी की यात्रा से चुनाव में पार्टी की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अभियान प्रयासों को बढ़ावा देने और जनता के साथ जुड़ने की उम्मीद है।

# देश के कई हिस्सों में भाजपा की राजनीतिक ताकत कम हो रही है : शरद पवार

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि देश के कई हिस्सों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक शक्ति कम हो रही है और सत्ता का पूर्ण दुरुपयोग ही उसका का फामूर्ला है यहां राकांपा के पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि लोग उन (दलों और नेताओं) का समर्थन नहीं कर रहे हैं जो भाजपा के साथ गठबंधन करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इस देश की जनता उन लोगों के साथ नहीं है जो भाजपा के साथ गठबंधन करना चाहते हैं। यह अखिल भारतीय स्तर की तस्वीर है। आप देश का नक्शा निकालकर देखिए, दक्षिण भारत के एक भी राज्य में भाजपा सत्ता में नहीं है। पवार के भतीजे और वरिष्ठ राकांपा नेता अजित पवार इस साल जुलाई में आठ



विधायकों के साथ महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे। अजित का दावा है कि उन्हें राकांपा के अधिकांश विधायकों का समर्थन प्राप्त है और उन्होंने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर भी दावा किया है। पवार ने 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद अविभाजित शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शरद पवार ने कहा कि शिवसेना को विभाजित करके भाजपा राज्य में सत्ता में आई है। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह का फॉमूर्ला गोवा के साथ-साथ मध्य प्रदेश में भी लागू किया गया था। मध्य प्रदेश में मार्च 2020 तक कांग्रेस सत्ता में थी और फिर उसकी सरकार गिर गई थी। पवार ने कहा कि भाजपा सिर्फ गुजरात में सत्ता में है जिसे वह (2022 के चुनाव में) बरकरार रखने में कामयाब रही। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी नहीं है। उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों को छोड़कर देश के अन्य सभी हिस्सों में भाजपा की राजनीतिक ताकत कम हो रही है। पवार ने यह भी कहा कि चुनाव के बाद राजनीतिक तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, सत्ता के दुरुपयोग के कारण भाजपा सत्ता गंवा रही है। पार्टी की ओर से लिए गए फैसले आम आदमी को सशक्त नहीं करते हैं।

# तेलंगाना में केसीआर पर जमकर बरसे राजनाथ सिंह

## पूरा परिवार सरकार चला रहा, हो रही जनता की उपेक्षा

एजेंसी/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चुनावी राज्य तेलंगाना में भी अब सियासी पारा चढ़ने लगा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज हुजूराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की केसीआर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां पर केसीआर के परिवार का बराबर हस्तक्षेप रहता है, क्यों? जनता ने आपको मुख्यमंत्री बनाया था, आपके परिवार को नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार आपको चलानी है लेकिन पूरा परिवार सरकार चला रहा है। तेलंगाना की जनता की उपेक्षा हो रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पिछले दस वर्षों में तेलंगाना में विकास नही रहा है, बल्कि एक फैमिली की ही प्राइवेट लिमिटेड बन के रह गया हैं।

राजनाथ ने कहा कि तेलंगाना की जनता चाहती है कि स्टेट फर्स्ट, नेशनल फर्स्ट मगर बीआरएस का



कहना है कि फैमिली फर्स्ट। राजनीति में फैमिली का होना बुरी बात नहीं है मगर जब पूरे प्रदेश में 'फैमिली ओनली' का नाम लिखा जाएगा तो इसे कोई स्वीकार करे मगर बीजेपी कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि BRS ने वादा किया था कि हर घर से एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा। क्या हुआ उस वादे का। आप बताऐं कि कितने परिवारों को उन्होंने रोजगार दिया है। राजनाथ ने कहा कि तेलंगाना में सालों से वैकेंसी बनी हुई है मगर लोगों को नौकरी नही दी जा रही। जब नौकरी के लिए एक्जाम होता है तो पेपर ही लीक हो जाता है। यह सरकार की ज़िम्मेदारी है। केसीआर गारू आपको यहाँ की जनता से माफी माँगना चाहिये।

भाजपा नेता ने कहा कि केसीआर ने दलित बंधु स्कीम में तेलंगाना के हर दलित परिवार को 3 एकड़ जमीन देने का वादा किया था। कितने दलित परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत लाभ मिला है। आप ही बताइए। BRS ने वादा किया था कि दलित परिवारों को बिजनेस के लिए दस लाख रूपए तक का लोन दिया जाएगा। यह भी नहीं हुआ। जबकि हम लोग जो कहते हैं वह करते हैं। हमने अयोध्या में भव्य राम मंदिर की बात की थी। जनवरी में आप सब लोग वहाँ दर्शन कर सकते हैं। हमने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात की थी, आज वहाँ से 370 समाप्त हो गया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के लिए हमारे प्रधानमंत्री के दिल में खास जगह है। आपने बीआरएस को दो बार मौका दिया है। आप हमें एक मौका देकर देखिए। उन्होंने कहा कि बीआरएस की कार है वो बेकार है। रहा सवाल हाथ का, तो वह कब का आपका साथ छोड़ चुका है। कमल को अपनाइए क्योंकि लक्ष्मीजी तो विकास और समृद्धि का सिंबल है वो न तो कार पर बैठ कर आएंगी और न ही हाथ पकड़ कर आएंगी। लक्ष्मी जी आएंगी तो कमल के फूल पर बैठ कर आएंगी। राजनाथ ने कहा कि BRS और MIM जाति और मजहब को राजनीति कर रही है। जबकि भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है।

## संक्षेप

### स्थानांतरण होने के बाद भी इंस्पेक्टर ने ऊंची पहुंच के चलते नहीं कराई रवानगी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर थाने में करीब दो साल से अतिरिक्त इंस्पेक्टर के पद पर तैनात तेज बहादुर सिंह अपनी ऊंची पहुंच के चलते व मलाई दार थाना होने के कारण अभी सरोजनी नगर थाने से अपनी रवानगी नहीं करा रहे है बताते चले की 22 जून 2023 को इनका स्थानांतरण प्रयागराज कर दिया गया था मगर अभी तक सरोजनी नगर थाने में जमे हुए हैं सूत्रों की माने तो उक्त इंस्पेक्टर की भाषा शैली से जनता व विभाग के लोग काफी परेशान हैं यही नहीं सूत्रों की माने तो उक्त इस्पेक्टर थाने पर आने वाले फरियादियों से भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। एक महिला ने पूर्व में आरोप लगाया था कि अतिरिक्त इंस्पेक्टर ने मुझसे भी थाने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जेल भेजने की धमकी दी थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिक किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजीनगर इलाके से तीन दिन पहले एक किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं सुराग न लगने पर सरोजनीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।सरोजनीनगर के बदालीखेड़ा स्थित मकदूमनगर में रहने वाली फिरोजा के मुताबिक उसकी बेटी नाजिया (16) बीती 13 अक्टूबर लापता हो गई थी। उसने अपने रिश्तेदारों व परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नही लगा सका। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी का पता लग रही है।

### विवाहिता ने ससुराली जनों पर दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजीनगर थाने में एक विवाहिता ने अपने सुसराल वालों पर दहेज की मांग न पूरी होने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।आशियाना की मानसरोवर योजना रेल विहार में रहने वाली शेफाली गोयल का आरोप है कि वर्ष-2019 में उसकी शादी झारखंड के रांची स्थित अपर बाजार में रहने वाले व नेपाल में हार्डवेयर का व्यापार करने वाले अंकुर गारोडिया के साथ हुई थी। शेफाली का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल में उसके पति अंकुर गारोडिया और उसके परिवार वालों ने कम दहेज मिलने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करने लगे।इसके बाद वह अपने पति के साथ नेपाल चली गई। लेकिन नेपाल जाने के बाद भी ससुराल वालों का व्यवहार नही बदला।इस दौरान उसके पति अंकुर गारोडिया, सास किरण गारोडिया, ससुर शिव कुमार गारोडिया, ननद स्नेहा गारोडिया हर प्रकार से उसे प्रताड़ित करने लगे।इसी दौरान प्रार्थिनी ने एक पुत्री पंखुरी को जन्म दिया।पुत्री के जन्म के बाद भी अंकुर और उसके परिवार का बर्ताव न बदला, वह अपनी मांगो पर अड़े रहे और अक्सर उसके साथ गाली-गलौच अभद्रता करते रहे। यही नहीं 17 फरवरी 2022 को अंकुर और उसके माता-पिता ने उसे लड़-झगड कर घर से भगा दिया।

### नीम के पेड़ से लटका मिला चालक का शव

लखनऊ, कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में एक युवक रविवार रात अपने घर के निकट खाली प्लाट में लगे नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर लियो पेड़ से लटका शव देख क्षेत्र में हडकम्प मच गयो सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मूलरूप से जनपद हरदोई का रहने वाला मृतक विपिन वर्मा (30) पुत्र रामचंद्र वर्मा भोलाखेड़ा के कनौसी में किराये के मकान में अपनी पत्नी ज्ञानमती माँ संगीता छोटे भाई अरविन्द कुमार के साथ रहकर चालक का काम करता था रविवार शाम अपने घर के निकट ही खाली प्लाट में लगे नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा बना आत्महत्या कर लियो फंदे से लटका शव देख क्षेत्र में हडकंप मच गया जिसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# मौसम ने ली करवट : पूरे यूपी में आंधी-पानी और ओलावृष्टि

**मौसम विभाग ने की आने वाले दिनों के लिए भविष्यवाणी**

अमन लेखनी समाचार



मानसून के विदा होने के बाद सोमवार को पूरे प्रदेश में बारिश हुई। यह बारिश कहीं पर कम तो कहीं पर ज्यादा हुई।यूपी के कुछ जिलों में ओले भी गिरे हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चल रहा क्रिकेट वर्ल्ड कप का मैच भी बारिश की वजह से प्रभावित हुआ।मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए भविष्यवाणी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तर प्रदेश के मौसम पर दिखा।सोमवार का दिन आंधी-पानी और ओलावृष्टि के नाम रहा।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मंगलवार की सुबह तक मौसम ऐसा ही रहेगा। लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मौसम खुलने लगेगा। शाम तक हालात सुधरने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार तक मौसम सामान्य हो जाएगा और धूप निकलने लगेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, लखनऊ के मलिहाबाद के साथ ही बिजनौर, रामपुर सहारनपुर में ओले गिरे जाने की सूचना है। इस दौरान सर्वाधिक बरसात नजीबाबाद (34.6 मिमी) में रिकॉर्ड हुई।प्रदेश में हवा की रफ्तार भी काफी तेज रही।शाहजहांपुर में हवा की गति 81किमी प्रति घंटे थी, यह प्रदेश में सबसे अधिक है। दूसरे नंबर पर तेज हवा लखनऊ की रही, यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पश्चिमी विक्षोभ के साथ चलीं पछुआ हवाओं ने चक्रवातीय दबाब पैदा किया है, इसके कारण प्रदेश का मौसम बदल गया है।उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में आंधी-पानी और गरज-चमक के साथ वज्रपात के आसार बने हुए। सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ बरसात का दौर दोपहर बाद लखनऊ में भी रंग दिखाने लगा और कड़कते बादलों के साथ बारिश शुरू हो गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर उत्तर प्रदेश में मंगलवार तक दिखेगा।इस दौरान कुछ इलाकों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है।

### इन इलाकों के लोग रहें सावधान

गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फररुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बंदायूं।

किस जिले में हुई कितनी बारिश (मिमी में)

नजीबाबाद 34.6
मुजफ्फरनगर 23.8
चुर्क 22.4
शाहजहांपुर 16.5
मुरादाबाद 14.8
बहराइच 10.6
आगरा 6.0
बरेली 1.8

### हिमाचल और उत्तराखंड में हुई बर्फबारी

हिमाचल में लाहौल, कुल्लू, किन्नौर, धर्मशाला और चंबा की ऊंची चोटियां सफेद चादर से ढक गईं। शिमला के नारकंडा के पास हाटू पीक, सिरमौर के चूढ़धार और मंडी के शिकारी देवी में भी हिमपात हुआ। वहीं, उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर समेत केदारपुरी और बदरीनाथ धाम की चोटियों पर हिमपात हुआ, जबकि निचले क्षेत्रों जोशीमठ, गोपेश्वर, पोखरी, नंदानगर, पीपलकोटी में तेज हवा के साथ बारिश और कुछ जगह ओलावृष्टि भी हुई।

## विशाल दंगल का आयोजन, कई जिलों से आए पहलवानों ने दिखाये कुश्ती के दांव-पेंच



अमन लेखनी समाचार

बन्थरा। बेती ग्राम सभा में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में विगत सौ वर्षों से बाहुबली दंगल का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभा में हुए विशाल दंगल में कई जिलों के पहलवानों ने हिस्सा लिया दंगल में महिला पहलवानों ने भी हिस्सा लिया और अपना जलवा दिखाते हुए कई दंगल लड़े। मेरठ के पहलवान बबलू गोस्वामी ने नेपाल काठमांडू के पहलवान लकी थापा को हराया और अपनी जीत दर्ज की वहीं महिला पहलवानों में बनारस की पहलवान ज्योति ने मथुरा की पहलवान जिनिशा को हराकर अपनी जीत दर्ज की वही दंगल के कार्यक्रम का आयोजन सोनू तिवारी अमित तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम में पत्रकार अरविंद सिंह चौहान, मिलन रावत, राजू बाजपेई, गुंजन तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बत्तीस लाख की लागत से अवध विहार कॉलोनी की बनेगी सड़क

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।नगर निगम के सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड स्थित अवध विहार कॉलोनी में सोमवार को पार्षद राम नरेश रावत द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत ने भाजपा कार्यकर्ता व सेक्टर संयोजक रामेश्वर त्यागी से नारियल तुड़वाकर किया। इस दौरान पार्षद ने बताया कि अशोक सिंह के घर से दिलीप सिंह के घर होते हुए पत्रकार राज किशोर रावत के घर तक 300 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व उसके किनारे पक्की नाली निर्माण का कार्य 32 लाख रुपए की लागत से नगर निगम विभाग द्वारा किया जाएगा।पार्षद ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से यहां के लोग सड़क और नाली को लेकर परेशान थे।रास्ता पक्का ना होने के कारण जहां घरों का पानी निकल कर पूरे रास्ते में फैल कर बहता था। वहीं बरसात में लोगों को ज्यादा दिक्कत हो जाती थी।इससे उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी होती थी।लेकिन अब इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली बन जाने से लोगों को आने-जाने में हो रही समस्या से निजात मिल सकेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर प्रीतम सिंह, राजन गुप्ता, जयराम यादव, अशोक सिंह, दिलीप सिंह, रामेश्वर त्यागी, दयारानी त्रिपाठी, संजू त्यागी, उषा मिश्रा, मालती सिंह चौहान, अनूप शुक्ला, अनीता बक्शी, प्रवीण बक्शी, दीपा श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव, सौम्या सिंह, अजय कुमार, सरिता कुमारी और वंदना मुखर्जी के अलावा संबंधित अवर अभियंता विनोद त्रिवेदी मौजूद रहे। पार्षद ने बताया कि इंटरलॉकिंग सड़क और नाली का निर्माण विधायक राजेश्वर सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के अलावा महापौर सुषमा खर्कवाल के प्रयास से शुरू किया जा रहा है।

# कार को बचाने के चक्कर में अंडरपास से टकराई सवारियों से भरी बस, कई घायल

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। सोमवार को सवारियों से भरी एक निजी बस सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर हरदोई लखनऊ निमार्णाधीन राजमार्ग पर बने अंडरपास से टकरा गई।जिसके चलते बस में करीब 25 लोग सवार थे। जिसमें करीब आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अगले गेट से बाहर निकाला गया।इनमें कुछ लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सोमवार सुबह एक निजी सवारियों से भरी बस लखनऊ से सवारियों को लेकर रवाना हुई थी, जब बस सुबह करीब 8 बजे के दरम्यान निमार्णाधीन

हरदोई लखनऊ राजमार्ग पर रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भतोइया में पहुंची थी, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को बचाने के चक्कर में गोंदा रोड के पास बने अंडरपास में जा टकराई जिससे जोर की आवाज हुई इसे सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। बस के अंदर यात्रियों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग उन्हें बाहर निकलने में जुट गए।

कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह अगले गेट से उन्हें बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल हरदोई जनपद के हरदल मऊ निवासी पति रहीश, पत्नी जरीना व रहीमाबाद के मवई कला निवासी प्रदीप मौर्या सहित करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के चलते करीब आधे घंटे यातायात बाधित रहा। एनएचएआई कर्मचारियों की मदद से बस को क्रेन के माध्यम से हाईवे से किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया गया।

## वसूली को लेकर किन्नरो के दो गुटो में जमकर मारपीट



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के बछरावां कस्बा निवासी किन्नर सावन व नगराम निवासी किन्नर सोनिया के बीच निगोहां क्षेत्र में त्यौहारी वसूली को लेकर काफी दिनो से विवाद चल रहा है।पुलिस ने बताया सोमवार को सावन किन्नर अपनी टोली के साथ त्यौहारी वसूलने के लिए निगोहा कस्बे आई हुई थी ओर एक होटल पर जाकर त्यौहारी मांगी तो मालिक ने कहा कि इस एरिया में सोनिया किन्नर आती हैं हम त्यौहारी हर साल उसे देते है,जिसके बाद वो चली गयी तो होटल मालिक ने सोनिया किन्नर को फोन कर पवन किन्नर व उसके साथियों द्वारा निगोहां में वसूली करने आने की बात बता दी।जिसके बाद सोनिया भी अपने साथियों संग कार से मौके पर पहुंच गयी ओर दोनो पक्षो के दर्जन भर लोग आमने सामने आ गये ओर विवाद के बाद लाठी-डंडो व लोहे की राडो से जमकर मारपीट हुयी।इस दौरान नाराज दोनो किन्नरो के गुट के लोगो ने एक दूसरे की कारो में तोड़फोड़ की।मारपीट में एक पक्ष से किन्नर सावन,प्रियंका सिंह रघुवंशी, वैशाली गौरी ,तनु व दूसरे पक्ष की किन्नर सोनिया व कार चालक सलमान समेत उसकी मां सुगरा घायल हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षो के घायलो को थाने लेकर गयी।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया कि दोनो पक्षो की तहरीर मारपीट,जान से मारने की धमकी,बलवा,तोड़फोड़ की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर घायलो को मेडिकल के लिये सीएचसी भेजा गया।

## ब्लॉक प्रमुख ने टूनार्मेंट क्रिकेट का फीता काट किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सैरपुर में बच्चों के प्रति खेल भावना को जागृत करने के लिए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने गांव में आयोजित हो रहे क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया है। खिलाड़ियों से परिचय पूछकर उनका उत्साह वर्धन किया कहा कि खेलने और से शरीर में बढ़ जाती है प्रतिरोधक क्षमता बीमारियों से दूर रहते हैं।

ग्राम पंचायत सैदपुर में सोमवार को क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्र तानसेन यादव ने किया।खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि क्रिकेट आज दुनिया का चहेता खेल बन चुका है. और गांव के गलियों तक बच्चे क्रिकेट खेल रहे है।खेल के आपसी भाई चारा बढ़ने के साथ स्वस्थ्य रहने में मदद मिलती है।आज गांव में क्षेत्रीय टूनार्मेंट का आयोजन हो रहा है मेहनत करने वाले खिलाड़ी जिला राज्य और देश स्तर तक खेल सकते है इसके लिए जरूरी है की नियमित अभ्यास किया जाए. और आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे।तो सफलता जरूर मिलेगी।ग्रामीण अंचलों में प्रतिभा की कमी नही है लेकिन उन्हें निखारने का काम में समाज को मदद करने की जरूरत है।कहा की खेल में हार जीत की जगह प्रतिभाग को भी महत्त्व देने की जरूरत है। इसी क्रम में पहले मुकाबले में तरैया सैरपुर के मध्य खेला गया जिसमें बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 113 रन बनाए वही पीछा करते हुए सैरपुर की टीम ऑल आउट हो गई वही तरैया के ऑल राउंडर बल्लेबाज शुभम यादव ने 52 रन की नाबाद पारी खेली व अपने निर्धारित तीन ओवर में तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने वहीं तरैया के कप्तान शेखर यादव ने अपने खिलाड़ियों की प्रशंसा की कहा है कि हमारी टीम क्षेत्र के सभी टूनार्मेंट में भाग लेती है और टूनार्मेंट कप पर अपना कब्जा करती है।

# चोरी के माल संग रंगे हाथों पकड़े गए दो शातिर चोर, चोरी का माल बरामद

**पुलिस ने चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ, बिजनौर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक किसान के खेत में लगे पम्पिंग सेट का आधा भाग एवं सम्सर्सेविल के उपकरण चोरी कर ले जा रहे थे इसी दौरान खेत मालिक ने चोरो को सामान ले जाते देख लिया और अपने साथी की मदद से चोरो को दबोच पुलिस को सूचना दे पुलिस के सुपुर्द सौप दियो बिजनौर पुलिस ने खेत मालिक की शिकायत पर चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शातिर चोरो को जेल भेज दिया हैं बिजनौर थाना प्रभारी अरविन्द कुमार राणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम परवर पश्चिम निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व रामचरण के खेत में पम्पिंग मशीन एवं समर्सेविल लगा हुआ है सोमवार सुबह समय दो चोरो द्वारा खेत से पम्पिंग सेट में लगे पंखे का आधा भाग एवं समर्सेविल का तीन एचपी चोरी कर ले जा रहे थे इसी दौरान सुनील अपने साथी सत्येन्द्र सिंह एवं अमलेश कुमार के साथ चोरो को रंगेहाथो चोरी के सामान संग पकड़ लिया और पिटाई कर पुलिस को सूचना दी और पुलिस के सुपुर्द कर दिया पूछताछ में चोरो ने अपना परिचय सुजीत पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम परवर पश्चिम थाना बिजनौर एवं राजेन्द्र पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम परवर पश्चिम थाना बिजनौर लखनऊ के रूप में दिया हैं पुलिस ने सुनील की शिकायत पर चोरी की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर दोनों शातिरो को जेल भेज दिया है

## महामंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई आम सभा की बैठक



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज, लखनऊ मोहनलालगंज तहसील परिसर में बीते दिनों वकीलों और लेखपालों के बीच हुए विवाद के चलते सोमवार तक वकील न्यायिक कार्य से विरत थे वहीं सोमवार को बार भवन में महामंत्री राम लखन यादव की अध्यक्षता में आम सभा की बैठक संपन्न हुई, जिसमे सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि वकील अब मंगलवार से दोबारा न्यायिक कार्य पर लौटेंगे।इसके साथ ही इस बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी शनिवार को वकील न्यायिक कार्य नहीं करेंगे और आम सभा की बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे इस मौके पर मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री राम लखन यादव पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार दुबे, तेजपाल वर्मा राजकुमार द्विवेदी सुरेंद जायसवाल श्रवण कुमार यादव वरिष्ठ अधिवक्ता शिव अटल सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहें।

## यूपी-राजस्थान की सीमाओं पर चेकिंग प्वाइंटंट्स्स स्थापित किये जाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः राजस्थान में विधान सभा चुनाव में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक श्री विजय कुमार, प्रमुख सचिव आबकारी श्रीमती बीना कुमारी, विशेष पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार तथा राजस्थान की ओर से मुख्य सचिव श्रीमती ऊषा शर्मा व पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा उपस्थित थे।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान में विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में उत्तर प्रदेश द्वारा हर संभव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि आगामी दिनों में राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव प्रस्तावित हैं इसलिए सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए। सीमावर्ती जनपदों में ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं होनी चाहिए जिससे पड़ोसी राज्यों के आम चुनाव प्रभावित हो। सीमाओं पर चेकिंग प्वाइंट्स स्थापित किए जाएं और सभी चेकिंग प्वाइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि बार्डर के आस-पास नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए और पेट्रोलिंग की जाए जिससे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो सकें। सीमाओं पर पुलिस की सक्रियता को बढा. या जाए जिससे अपराधियों के मूवमेंट को रोका जा सके। हिस्ट्रीशीटर व जमानत पर चल रहे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।इस मौके पर मुख्य सचिव ने राजस्थान के मुख्य सचिव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिये शुभकामनाएं भी दी।

## जालसाजी कर जमीन का एग्रीमेंट कराने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।उन्नाव जिले के नियाज अली खेड़ा मजरा शेरपुर कला निवासी कमलेश ने बिजनौर के चंद्रावल निवासी रूपेंद्र यादव और उसके भाई सत्येंद्र यादव के अलावा मलिहाबाद के जगदीशपुर घुसौली निवासी प्रमोद कुमार के खिलाफ जालसाजी कर जमीन का एग्रीमेंट कराने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।कमलेश का कहना है कि उसकी जमीन बिजनौर के परवर पश्चिम में खसरा संख्या -109, रकबा 1.0120 हेक्टेयर है। कमलेश के मुताबिक बीती दो मई को रूपेंद्र यादव ने उसे बहला फुसला कर उसकी करोड़ों की जमीन मात्र 15 लाख रुपए में बेचने के लिए तय कर लिया और फर्जी तरीके से 5 लाख एडवांस रुपए देना दर्शाकर एग्रीमेंट करा लिया।जबकि एडवांस में उसे कुछ भी रकम नहीं दी गई।कमलेश का कहना है कि वह पढ़ा लिखा कम होने के कारण उसे आरोपियों ने एग्रीमेंट की जानकारी भी नहीं दी। पीड़ित का कहना है कि इस मामले में प्रमोद और सत्येंद्र को गवाह बना दिया गया और फर्जी तरीके से गुमराह करते हुए दस्तावेज तैयार कर दो वर्षों के लिए उसकी जमीन का एग्रीमेंट करा लिया।उसने आरोप लगाया है कि अनुबंध पत्र में दर्शाए गए पांच लाख रुपए भी फर्जी हैं।फिलहाल पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

### घर में युवती ने दुपट्टे से लगाई फांसी मौत

लखनऊ , कृष्णा नगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक 23 वर्षीय युवती का शव उसके घर में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला जिसे देख घर में चीख पुकार मच गयो पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को लोकबंधु अस्पताल भेजा जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दियो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कृष्णा नगर क्षेत्र के मानस नगर मोहल्ले में रहने वाली नैंसी शुक्ला (23) पुत्री हरिओम शुक्ला ने अपने घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा लीं परिवारीजनो ने पुत्री को फंदे से लटका देखा तो घर में चीख पुकार मच गया जिससे पड़ोसी एकत्र हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को फंदे से उतार लोकबन्धु अस्पताल भेजा जहाँ डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं वहीं पुलिस को मृतका के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है

## संदिग्ध अवस्था में झोपड़ी में पड़ा मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर में सोमवार को ढाबे पर काम करने वाले एक मजदूर का शव संदिग्ध अवस्था में ढाबे के पीछे झोपड़ी में पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक इलाके के ही बदाली खेड़ा निवासी रामविशाल सिंह का ट्रांसपोर्ट नगर में खाने-पीने का ढाबा है।इस ढाबे पर उत्तराखण्ड का रहने वाला जितेंद्र (48) बचपन से ही रहकर काम करता था। जितेंद्र शराब का आदी होने के साथ ही काफी दिनों से बीमार चल रहा था। पुलिस का कहना है कि रविवार देर रात वह शराब पीकर आया और ढाबे के पीछे बनी अपनी झोपड़ी में चला गया। सोमवार दोपहर बाद तक जब जितेंद्र अपनी झोपड़ी से नहीं निकला तो रामविशाल ने झोपड़ी में जाकर देखा, जहां वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। रामविशाल ने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है मृतक बचपन से ही ट्रांसपोर्ट में रहकर अलग-अलग काम किया करता था। लेकिन कुछ दिनों से रामविशाल के ढाबे में काम करने के साथ ही उसके पीछे बनी झोपड़ी में रहता था। वह शराब का आदी होने के साथ ही कई दिनों से बीमार भी चल रहा था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## संक्षेप

### शहर के मां कल्याणी देवी की महिमा का ही है प्रभाव

उन्नाव। इस पूरे मोहल्ले को ही मां कल्याणी देवी मोहल्ला के नाम से जाना जाने लगा। मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से मां की आराधना करता है, मां कल्याणी उसका कल्याण करती हैं। यहां नवरात्र ही नहीं पूरे साल श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।मंदिर के पुजारी जुगल किशोर तिवारी बताते हैं कि पूर्व में यहां तालाब और उसके पास जंगल था यहां आबादी नहीं थी। मान्यता है कि जंगल में एक गाय प्रतिदिन नियत स्थान पर आकर अपना दूध गिराती थी। रोजाना यह क्रिया चलती रहती थी।एक दिन चरवाहों से उस स्थान पर खोदाई की तो एक देवी प्रतिमा मिली।इसके बाद चरवाहों ने ही वहां पर सफाई कराकर मठिया बनाकर पूजा शुरू कर दी। धीरे-धीरे मां की महिमा बढ़ने लगी। लोगों का कल्याण होने लगा और माता, मां कल्याणी के नाम से प्रख्यात हो गईं। दूरदराज से श्रद्धालु मां के दर्शन को आने लगे। भक्तों की मनोकामना पूरी होने लगी तो मंदिर निर्माण के लिए दान शुरू किया। अब यहां भव्य मंदिर बन चुका है। कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु मां के दर्शन कर खुद को धन्य करते हैं।

### बाराबंकी में जमीन के लिए डबल मर्डर

बाराबंकी में डबल मर्डर हुआ है। यहां बरामदे की जमीन को लेकर दो भाइयों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के आमने-सामने आए गए। फिर दोनों भाइयों ने लाठी से एक दूसरे का सिर फोड़ दिया। इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।इसके बाद दोनों के घरवाले शवों का अंतिम संस्कार न करने को लेकर अड़ गए। विवाद की सूचना पर रऊट कई थानों की फोर्स सहित मौके पर पहुंचे।उन्होंने परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया है। तब जाकर दोनों का अंतिम संस्कार हुआ। पूरा मामला कोठी थाना क्षेत्र के धौरहरा ग्राम पंचायत का है। यहां के राधेलाल उर्फ दुर्गा प्रसाद और बुद्धू के परिवार से घर के सामने बरामदे की जमीन को लेकर बीते 9 अक्टूबर को विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के परिवारों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में बुद्धू और दुर्गा प्रसाद और उनके दो भतीजे को चोटें आई। जिसमें बुद्धू और दुर्गा प्रसाद की हालत गंभीर थी। जिनको इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की 14 अक्टूबर को मौत हो गई। शव पहुंचने पर परिजनों ने किया हंगामा15 अक्टूबर की शाम को शव जब घर पहुंचे तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसको देखते हुए मौके पर सुबेहा और कोठी थाने की फोर्स पहुंच गई। इस दौरान किसान यूनियन के कुछ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर थे। जिनकी मांगे थी कि पीड़ित परिवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजे में नगद धनराशि दी जाए, लेकिन उनकी शर्त नहीं मानी गई। काफी देर तक चलता रहा मान मनौव्वलघटनास्थल पर एसडीएम नवाबगंज, नायब तहसीलदार पहुंचने पर भी किसान यूनियन से समझौता नहीं हो सका और बात नहीं बनी तो उप जिलाधिकारी नवाबगंज भी मौके पर पहुंच गए उपजिलाधिकारी के पहुंचने के बाद भी भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता अपनी जिद पर अड़े रहे कि पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

# उफनाती नहर में किसानों के दिल में सता रहा है डर

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। शारदा नहर एकदम ऊपर तक बह रही है जिसमें किसानों के दिल में अपनी फसल को लेकर डर सता रहा है आवारा जानवरों से बचा करके अब फसल अपने समय पर पकने की तैयारी हो गई है प्राकृतिक आपदा से बचकर के अब सरकारी आपदा के मुंह की कगार पर है

किस की फसल आपकी जानकारी के अनुसार टिकर खुर्द चंदीगढी राम्मा खेड़ा त्रिपुरारपुर बेवल मन्सा खेड़ा आदि जगहों पर किसान बिल्कुल डरा हुआ है क्योंकि वहां पर नहर पूरी ऊपर तक बह रही है न जाने कब कहां किनारा कट जाए और फसल बिल्कुल नष्ट हो जाए किसानों की रात की नींद हराम हो चुकी है यही प्रार्थना कर रहा है कि कैसे ना कैसे इस बार फसल बज जाए क्योंकि ऊंची कुर्सी पर बैठे अधिकारी इस बात को गौर नहीं करेंगे वही पुरवा उप जिला अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई तो फोन नहीं उठ पाया।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत नवजात बालिकाओं के जन्म पर केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। मिशन शक्ति फेस 4 के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में जिला महिला चिकित्सालय सभागार, उन्नाव में नवजात बालिकाओं के जन्म पर केक काटकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा 22 नवजात बालिकाओं के माता-पिता को बेबी केयर किट व मिठाई उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सत्यप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० अंजू दुबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा० नीलम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय सहित विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी, महिला कल्याण अधिकारी, महिला शक्ति केंद्र व वन स्टॉप सेंटर के कार्मिक व अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्र के अवसर पर जनपद में चलाया गया मशिन शक्ति अभियान



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। शारदीय नवरात्र के अवसर पर जनपद में चलाये जा रहे मशिन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों में महिला सशक्तिकरण की जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में थाना अजगैन की मिशन शक्ति टीम एवं महिला बीट अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा उच्च प्राथमकि विद्यालय अजगैन में स्कूली छात्राओं एवं स्थानीय महिलाओं/बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई तथा विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस सहायता नंबर 112, चाइल्डलाइन नंबर 1098 आदि के विषय मे जानकारी दी गयी तथा पूर्ण जानकारी से संबन्धित टेंपलेट वितरित किये गये।

# भारी वाहनों के आवागमन से बिहार मौरावां मार्ग हुआ ध्वस्त

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग में पीएनसी कंपनी द्वारा एलिवेटेड मार्ग बनाए जाने की वजह से भारी वाहनों का रूट निर्धारण ट्रांसपोर्ट यूनियन व संबंधित जोन के अधिकारियों के मध्य गूगल मीटिंग के द्वारा निर्धारित किया गया था। दिल्ली ,झांसी, हमीरपुर, कबरई ,बांदा, से होकर लखनऊ ,रायबरेली आदि जगहों को जाने वाले भारी वाहनों को चौडगरा फतेहपुर लालगंज,रायबरेली, बछरावां मार्ग निर्धारित किया गया था परंतु मानकों की अनदेखी कर टोल टैक्स बचाने के चक्कर मे ये भारी वाहन चौडगरा-दूधी कगार से कटकर बक्सर-भगवंतनगर,बिहार होकर निकल रहे है। बिहार -मौरावां संपर्क मार्ग पहले से ही जर्जर अवस्था मे था भारी वाहनों के आवागमन से मार्ग में डामर उखड़ गया है जगह जगह पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। पूरे दिन में सैकड़ो की संख्या में भारी वाहन निकलने की वजह से रोड की धज्जियां उड़ रही है व जगह जगह पर जाम की स्थिति बन रही है। ऊँचगाव चौराहा, भगवंतनगर और सबसे ज्यादा बिहार रेलवे क्रासिंग पर घण्टो जाम लगने लगा है।बिहार से मौरावां होकर लखनऊ जाने वाला मार्ग करीब 22 किलोमीटर तक सिंगल मार्ग होने की वजह से ध्वस्त होने के साथ जाम लगने की भी स्थिति बनी है।

## नगर पंचायत की लापरवाही से वार्ड वासी दूषित पानी पीने को मजबूर

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर टाउन एरिया के वार्ड नं०10 में कई दिनों से दूषित व बदबूदार पानी आ रहा है जिसकी शिकायत वार्डवासियो ने कई बार अधिशाषी अभियंत्रा से की परन्तु शिकायत को अनदेखा कर दिया गया। वार्ड नं०10 के निवासी राजेन्द्र कसेरा ने नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला व अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार को पुनः पत्र लिखकर नलो में आ रहे दूषित पानी का लीकेज सही कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों में कंचन देवी ,लाला,सुरेश गुप्ता,कमलेश साहू आदि लोगो ने बताया कि हमारे घर मे नल की टोटियों से दूषित पानी आने से बिमारियो का फैलने का खतरा बढ़ गया है। अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। प्लम्बर भेज कर लीकेज को सही कराया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता रैली को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। तहसील परिसर से उप जिला अधिकारी रामदेव निषाद ने कस्बा के कई विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली हरदोई उन्नाव मार्ग से होते हुए नगर में भ्रमण कर लोगो बताया गया की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए मतदान स्थल के बूथों पर कैंपों का आयोजन किया जाएगा जिसमे पारूप 6,7,8,के फार्म दिए जायेंगे अगर कोई मतदाता आन लाइन आवेदन करना चाहता है तो वो मतदाता पोर्टल से भी कर सकता है इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह तहसीलदार श्री कृष्ण नायब तहसीलदार अनुपम सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या शर्मा प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह पूर्ति निरीक्षक शिवम कौसधन काफी संख्या में लोग रैली में मौजूद रहे।

## सड़कों पर हुए बड़े बड़े गड्ढे राहगीरों का निकलना मुश्किल

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत कई मार्ग ऐसे हैं जिनसे चलना दुभर हो गया है। जहां डामरीकृत मार्ग गड्ढों से युक्त हो चुके हैं वहीं गाँवो व कस्बे की सड़कों पर चलना कठिन हो गया है।इन मार्ग से तमाम गांवों के ग्रामीण अपने गंतब्य तक पहुंचते हैं। राहगीरो की समस्या के निराकरण के लिए कोई विभाग प्रयास नहीं कर रहा है। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों के गांव तकिया, सैंता, शकूराबाद, जगदीशपुर, पट्टी उस्मान, जुल्फिकारपुर, कुजगंवा, पटौली, टांडा मीत आदि सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को विभिन्न गन्तब्यों तक जाने के लिए हुलासीकुआँ से तकिया मार्ग से ही विभिन्न वाहनो से यात्रा करनी पड़ती है। इसी तरह कस्बा फतेहपुर चौरासी से सूसू मऊ मार्ग की भी हालत खस्ताहाल होने के कारण यात्रियों को हिचकोले लेते हुये यात्रा पूरी करनी पड़ती है। वैसे तो यह मार्ग बहुत पुराना है, पर उसकी मरम्मत के लिए कोई प्रयास नही कियगए ।क्षेत्र के नगर पंचायत ऊगू से यह मार्ग गुजरा है और सूसू मऊ मार्ग फतेहपुर चौरासी नगर से निकला है।परन्तु नगर प्रशासन पी. डब्लू. डी. के मार्ग के गड्ढों को बन्द कराने की हिम्मत नहीं जुटा पाया । सरकार भी हाई वे और एक्सप्रेस वे पर विशेष ध्यान इसलिए दे रही है क्योंकि उनसे टोल टैक्स मिलता है लेकिन गाँव की सड़कों से कोई आमदनी तो है नही जो ध्यान दिया जाये।इन मार्ग की हालत इतनी खराब है कि अगर सभल कर न निकल पाये तो दुर्घटना होना निश्चित है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के अंतर्गत भोलाखेड़ा गाँव रविवार को ग्राम वासियो द्वारा स्थापित की गई माँ दुर्गा पूजा पंडाल में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गयी। भोलाखेड़ा निवासी नरेश पुत्र राजेश ने थाना बारासगवर में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि रात करीब 9:30 बजे मनीष व दिलीप पुत्रगण चन्द्रिका व अजय पुत्र मन्ना शराब के नशे में आये और आते ही शीलावती पत्नी पुत्तनलाल व आस्था पुत्री मनोज कुमार को मारने लगे साथ ही मूर्ति तोड़ने का भी प्रयास किया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई है लेकिन मूर्ति तोड़ने की बात निराधार है। मौके पर पुलिस बल भेजा गया है जांच कर आरोपियों पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## नवरात्रि के दूसरे दिन सामाजिक संस्था ने संपन्न किया 52 वां निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन रजिस्टर्ड सामाजिक संस्था के सहयोगियों और सेवकों द्वारा लगातार एक साल से सैंकड़ों जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन वितरण करवाया जा रहा है इसी क्रम में आज संस्था द्वारा 52 वा निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम रेलवे स्टेशन के बाहर संपन्न किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शुभारंभ करके वहां उपस्थित सैंकड़ों जरूरतमंदों को भरपेट भोजन करवाया , साथ में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने उपस्थित रहकर सहयोग किया , इस मौके पर विधायक ने कहा ऐसे नेक कार्य युवाओं द्वारा और फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे हैं यह जनपद के लिए गर्व की बात है मनुष्य जीवन का असली मतलब सेवा करना ही है साथ ही विधायक ने संस्था द्वारा किए जा रहे नेक कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी और भविष्य में सहयोग करने का वादा करते हुए ऐसे कार्यों को और आगे बढ़ाने हेतु फाउंडेशन टीम को अपने आवास पर आने के लिए आमंत्रित भी किया इस अवसर पर संस्था के संस्थापक का कहना है की यदि उन्नाव के समस्त जनप्रतिनिधि और अधिकारी और पत्रकार बंधु यदि सहयोग करेंगे तो अन्य सेवा कार्य करने के लिए अन्य लोग भी प्रेरित होंगे इस कार्यक्रम में संस्था के, कोषाध्यक्ष पूर्व सैनिक अशोक कुमार दिक्षित , नगर उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक राजेश मिश्रा , कैप्टन राधे गोपाल मिश्रा , अध्यापक अंबुज मिश्रा , अवनीश कुमार राय , के साथ कुलदीप पांडे , आयुष श्रीवास्तव ,डब्बू जी , और महिला मोर्चा टीम से रेनू वर्मा , नीतू तिवारी ,तनु पांडे ,सरिता शुक्ला ,आरती वर्मा ,आदि दो दर्जन सेवको ने अपनी उपस्थिति देकर इस पुण्य कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ब्लॉक सभागार में होगा दिव्यांगों के लिए जागरूकता अभियान



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। साइट सेवर द्वारा पोषित दिव्यांगजन सशक्त संघ उन्नाव के तत्वाधान में 18/10/2023 दिन बुधवार को ब्लॉक सुमेरपुर के सभागार में दिव्यांग जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा बिहार निवासी श्रीकांत तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में दिव्यांग जनो को उनके हित और अधिकारों से परिचित कराया जायेगा, सरकार से मिलने वाली सुविधाएं और प्रमाण पत्र, ऊ डी आई डी कार्ड आदि उपलब्ध करवाये जायेंगे। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक दिव्यांग जनो के शामिल होने की अपील भी की गई पोखरी निवासी ओपीडी अध्यक्ष गोल्डी कुलदीप ने उक्त जानकारी दी।

# अवैध तमंचा व कारतूस समेत युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



बीघापुर। थाना मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

गस्त के दौरान पुलिस पहाड़ी खेड़ा के पास पहुंची जहां एक मुखबिर ने पुलिस को बताया कि एक युवक ट्यूवेल के पास बनी कोठरी के बगल में छुपा हुआ है जिसके पास एक झोला है और झोले में कुछ संदिग्ध चीज भरे हुए हैं मुखबिर की सूचना पर पुलिस बताए हुए स्थान पर पहुंची जहां एक ट्यूवेल के पास एक सफेद झोला लिए युवक छुपा हुआ था झोले में कुछ भरा हुआ था पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर कर पकड़ लिया तलाशी के दौरान उसके पास एक अदद अवैध 315 बोर का तमंचा, 1अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ पकड़े गए युवक ने अपना नाम दीपक शुक्ला उर्फ बबलू शुक्ला पुत्र स्वर्गीय पुत्तू लाल शुक्ला निवासी आढ़ा खेड़ा बताया पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि युवक जेल भेज दिया गया है।

चिंतन

# आतंकवाद के सभी रूपों का विश्व से अंत जरूरी

विकसित व विकासशील देशों के सबसे प्रभावशाली व शक्तिशाली समूह जी-20 देशों के संसदीय अध्यक्ष के पी-20 शिखर सम्मेलन से भारत ने विश्व को साफ संदेश दिया है कि 'संघर्ष और टकराव से किसी को लाभ नहीं होता, अब शांति और भाइचारे का वक्त है। आतंकवाद के सभी रूपों- टेररिज्म, साइबर टेररिज्म, टेरर फंडिंग, स्ट्रेटैजिक टेररिज्म आदि का खात्मा जरूरी है।' भारत के इस संदेश का इसलिए खास महत्व है कि जहां एक तरफ यूक्रेन व रूस के बीच एक साल से अधिक वक्त से जंग जारी है और दूसरी तरफ इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया है। विश्व में जिस प्रकार से जियो पॉलिटिकल व जियो इकॉनोमिक तनाव है, उसे देखते हुए देशों, समूहों व गुटों के बीच हिंसक संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। हालांकि रूस व यूक्रेन जंग से इजराइल व हमास युद्ध की प्रकृति अलग है। रूव व यूक्रेन दो मुल्कों में जंग है, जबकि इजराइल का युद्ध वैश्विक रूप से घोषित आतंकी गुट हमास से है। इजराइल आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पी-20 मंच से जी-20 देशों को चेताया है कि दुनिया में जहां कहीं भी आतंकवाद है, चाहे वह किसी भी रूप में हो, मानवता के विरुद्ध है। भारत लंबे समय से पाकिस्तान व कुछेक विदेशी ताकतों द्वारा प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है। वर्तमान में केवल भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, बेल्जियम समेत पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र के कई मुल्क आतंकवाद से पीड़ित हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सूडान, सीरिया, लेबनान आदि कई देश हैं, जहां आतंकवादी गुटों का पनाह प्राप्त है। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि आतंकवादी गुट हमास का गाजा पट्टी पर कब्जा है, वह फिलिस्तीन का अंग सीधे तौर पर नहीं है, अभी इजराइल हमास के बीच युद्ध में अक्सर हमास व फिलिस्तीन को जोड़ कर देखा जा रहा है, जो सही नहीं है। फिलिस्तीन में अलग सरकार है और उसका क्षेत्र वेस्ट बैंक है। हमास फिलिस्तीन सरकार के आदेश का पालन नहीं करता है। जैसे अभी अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा है, वैसी ही गाजा पटट्री पर हमास का। इजराइल पर हमास के हमले का अगर भारत ने विरोध किया है, तो यह आतंकवाद का विरोध है, फिलिस्तीन का नहीं। देश में भारत सरकार के आतंकवाद के खिलाफ स्टैंड को लेकर आजकल कांग्रेस अनर्गल राजनीति कर रही है और फिलिस्तीन राग अलाप रही है। भारत के फिलिस्तीन से संबंध स्पष्ट है। खुद फिलिस्तीन सरकार आतंकवाद के किसी रूप का समर्थन नहीं करती है। विश्व के सभी मुल्कों को एकजुट होकर आतंकवाद के सभी रूपों के खात्मे के लिए आगे आना चाहिए। हमास, तालिबान, हिजबुल्ला, इस्लामिक स्टेट (आईएस), लश्करे तैयबा, जैश, अल शबाब, अलकायदा आदि आतंकवादी गुट हैं, जो मानवता के लिए खतरे हैं। जिन देशों में ये गुट हैं, वहां की सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इसे खत्म करने का प्रयास करे। विचारों व गुटों में विभाजित विश्व आतंकवाद जैसी बड़ी वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। विश्व को यह मानना होगा कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है और मिलकर ही इसका अंत संभव है। इजराइल पर हमले की हमास की हिमाकत आतंकवाद का पैशाचिक स्वरूप है, जो विश्व के लिए खतरनाक है। संकटों व युद्धों से भरी दुनिया किसी के भी हित में नहीं है। विश्व से आतंकवाद के अंत के लिए जी-20 को जीरो टॉलरेंस के साथ कठोर रुख अपनाना होगा। आज भी संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद से निपटने पर अंतरराष्ट्रीय संधि के लिए सहमति का इंतजार है। यह स्थिति शुभ नहीं है।

सारा संसार



कोरापुट की पहाड़ियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां के हरे-भरे घास के मैदान, घने जंगल, खूबसूरत झरने और कुछ बेहतरीन घाटियां सैलानियों को खूब आकर्षित करती हैं। कोरापुट करीब 8 हजार से भी अधिक वर्ग किलोमीटर में फैला है। यह खूबसूरत जगह बंगाल की खाड़ी से काफी करीब है। इसलिए यहां घूमने का एक अलग ही मजा होता है।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# शोध-नवाचार से तेज होगा विकास

आईएमएफ द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक 6.3 फीसदी रहेगी, लेकिन देश के बहुआयामी तेज विकास और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 में विकसित देश बनने के ऊंचे लक्ष्य को पाने के लिए भारत में शोध एवं नवाचार पर और अधिक ध्यान दिया जाना जरूरी है। भारत में शोध और नवाचार पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। जहां वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 2015 में 81वें स्थान पर था, वहीं अब भारत की रैंकिंग 40वीं है।

हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2023 की रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में भारत 40वें पायदान पर दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष जीआईआई रैंकिंग में भारत 40वें क्रम पर ही था। यद्यपि 10 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक 6.3 फीसदी रहेगी, लेकिन देश के बहुआयामी तेज विकास और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 में विकसित देश बनने के ऊंचे लक्ष्य को पाने के लिए भारत में शोध एवं नवाचार पर और अधिक ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत में शोध और नवाचार पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। जहां वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 2015 में 81वें स्थान पर था, वहीं अब भारत की रैंकिंग 40वीं है। खास बात यह भी है कि इस बार भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर उभरा है। साथ ही भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। इन सबके बावजूद अब देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की रफ्तार तेजी से बढ़ाने के लिए देश में शोध व नवाचार के नए अध्याय लिखे जाने जरूरी हैं।

गौरतलब है कि शोध एवं नवाचार की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था, घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश, जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। निःसंदेह भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत आईटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। स्टार्टअप के लिए वित्तीय इंतजाम में भी भारत की बढ़त जारी है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत शोध और नवाचार को और अधिक प्रोत्साहन देते हुए देश को मैन्युफैक्चरिंग और फॉर्मा हब बनाने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को केंद्र सरकार ने फॉर्मा और मेडटेक सेक्टर (पीआरआई) में शोध व नवोन्मेष को प्रोत्साहन देने के लिए 5000 करोड़ रुपये की योजना




शुरू की है। यह योजना भारत के फॉर्मा-मेडटक सेक्टर को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि इस समय जब दुनिया चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिवेश का सामना कर रही है, तब भी भारत शोध एवं नवाचार की मदद से तेज विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब हमें यह ध्यान रखना होगा कि इस समय जो भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, उसे वर्ष 2027 में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और फिर 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए शोध और विकास की भूमिका अहम बनाना होगी। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका ने शोध और विकास पर तेजी से अधिक खर्च बढ़ाते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है। इस समय अमेरिका में आरएंडडी पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 2.8 प्रतिशत, चीन में करीब 2.1 फीसदी इजराइल में 4.3 फीसदी और दक्षिण कोरिया में करीब 4.5 फीसदी व्यय किया जाता है। जहाँ दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शोध और विकास पर खर्च निरंतर तेजी से बढ़ा है। वहीं भारत में पिछले चार दशक से आरएंडडी पर व्यय करीब 0.6 से 0.7 प्रतिशत के बीच स्थिर दिखाई दे रहा है। जो ब्रिक्स देशों की तुलना में कम है और विश्व औसत 1.8 फीसदी से भी कम है। ऐसे में भारत को भी आर्थिक शक्ति और विकसित देश बनाने के लिए शोध और विकास की ऐसी सुविचारित रणनीति पर आगे बढ़ना होगा। इसके साथ ही शोध और विकास में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़ाई जानी होगी। इस समय देश में निजी क्षेत्र का शोध और विकास पर खर्च जीडीपी के मात्र 0.35 फीसदी के स्तर पर है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जिस नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना के विधेयक पर मुहर लगाई है, वह कानून बनने पर देश में शोध एवं नवाचार को क्रांतिकारी बदलाव के साथ नए स्वरूप में नई ऊंचाई देते हुए दिखाई दे सकेगा। इससे उच्च शिक्षा और तकनीकी शोध दोनों में बड़े बदलाव लाए जा सकेंगे। जिस नेशनल रिसर्च फाउंडेशन से अनुसंधान उच्च शिक्षा संस्थाओं के साथ सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी क्षेत्र पर भी फोकस किया जा सकेगा। इससे छोटे वैज्ञानिक शोधों पर ध्यान केंद्रित हो सकेगा। इससे हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली में काम कर रहे लाखों शिक्षाविदों और सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों में काम कर रहे लाखों स्नातक एवं शोध करने वाले छात्रों को शोध एवं नवाचार के लिए मदद पहुंचाई जा सकेगी। साथ ही शोध और विकास की राशि को केवल सरकारी शोध प्रयोगशालाओं तक ही सीमित न करके बुनियादी शोध के लिए व्यापक आधार तैयार करने पर भी खर्च किया जा सकेगा। ऐसे में इन विभिन्न कामों में जिस नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के तहत दी जाने वाली संपूर्ण 50,000 करोड़ रुपये का सार्थक इस्तेमाल हो सकेगा। चूंकि नई प्रतिभाओं का एक पावर हाऊस हमारे अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं में रहता है, अतएव उम्मीद है कि जिस नेशनल रिसर्च फाउंडेशन रणनीतिक रूप से काम करेगा और इससे हमारी नई शिक्षा प्रणाली के तहत शोध व नवाचार गुणवत्ता में बड़ा सुधार हो सकेगा और वैज्ञानिक शोध से आवश्यक नतीजे भी सामने आ सकेंगे।

हम उम्मीद करें कि सरकार दुनिया के विभिन्न विकसित देशों की तरह भारत में भी शोध एवं नवाचार पर जीडीपी की दो फीसदी से अधिक धनराशि व्यय करने की डगर पर आगे बढ़ेगी। इससे जहां ब्रांड इंडिया और मेड इन इंडिया की वैश्विक स्वीकार्यता सुनिश्चित की जा सकेगी, वहीं स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, कारोबार, ऊर्जा, शिक्षा, रक्षा, संचार, अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

## जीवन का आधार है कर्म



संकलित

दर्शन

आचार्य विनोबा भावे; गीता पुरुषोत्तम-योग बताकर कर्ममय जीवन को पूर्णता पर पहुंचाती है। वह सेव्य पुरुषोत्तम, मैं उसका सेवक और सेवा के साधन रूप सारी सृष्टि। यदि इस बात का दर्शन हमें एक बार हो जाए तो फिर और क्या चाहिए? तुकाराम कह रहे हैं कि सेवा के सिवा मुझे और कुछ नहीं चाहिए प्रभु। फिर तो अखंड सेवा ही होती रहेगी। तब 'मैं' जैसा कुछ रहेगा ही नहीं। मैं-मेरापन सब मिट जाएगा। जो होगा, सब परमात्मा के लिए। परहितार्थ जीने के सिवा दूसरा विषय ही नहीं रहेगा। गीता का यही कहना है कि अपने में से 'मैं' को निकालकर हरिपरायण जीवन बनाओ। जीवन में किसी बात की चिंता ही नहीं रहेगी। कर्म में भक्ति का मिश्रण सही है, परंतु उसमें ज्ञान भी चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं कि ये तीनों चीजें भिन्न-भिन्न हैं। कर्म का अर्थ ही है भक्ति। भक्ति कोई अलग से लाकर कर्म में नहीं मिलानी पड़ती। यही बात ज्ञान की है। यह ज्ञान मिलेगा कैसे? त्रुटिरहित निर्मल सेवाभाव रखने से। यह सेवा का साधन चरखा, इसमें तेल डालो। यह आवाज कर रहा है। सारी सृष्टि को चैतन्य मानो। इसे जड़ मत समझो। ओंकार का सुंदर गान करने वाला यह चरखा क्या जड़ है? यह तो परमात्मा की मूर्ति ही है। बैलों को अच्छी हालत में रखकर उनसे उचित काम लेना चाहिए। बैल भी परमात्मा की ही मूर्ति है। वह हल, खेती के सब औजार अच्छी हालत में रखो। सेवा के सभी साधन पवित्र होते हैं। पूजा करने का अर्थ यह नहीं कि गुलाल, गंध, अक्षत और फूल चढ़ाएं।

## अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें



संकलित

प्रेरणा

एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही। दाँत ने फिर जीभ से कहाः अरे, तुम चुप क्यों हो! हमसे डर रही हो क्या? हम हैं ही इतने सुंदर तुम हमसे जलोगी ही ना और हम हैं इतने मजबुत कि डर तो तुम्हें आयेगी ही- जीभ, दांत की बातों को अनसुना करते हुये चुप रही। दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यों की त्यों बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हूये, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहूत बाद में आये हैं। मै तो जन्म के साथ ही पैदा हूई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो लेकिन छोटे होने के बावजुद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं।

मुद्दा

सोनम लववंशी



# चुनाव में कब मिलेगा आधी आबादी को पूरा हक

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में आगामी नवम्बर माह में चुनाव है। यह चुनाव कई मामलों में अनूठा साबित होने वाला है, क्योंकि इन पांच राज्यों के नतीज़े जहां आम चुनाव 2024 की दिशा तय करेंगे। वहीं ये चुनाव नारी शक्ति वंदन विधेयक यानी महिला आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां कितनी संजीदा हैं। उसकी बानगी भी देखने को मिलेगी। अक्सर यह बात की जाती है कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही देश सशक्त और समृद्ध होगा, लेकिन जब महिलाओं को चुनाव में टिकट देने की बारी आती है, तो राजनीतिक दल महिलाओं को टिकट देने से कतराते हैं। विगत चुनावों के आंकड़ों का गहन विश्लेषण करेंगे तो हम स्पष्ट देखेंगे कि बीते चुनावी रण में 8000 उम्मीदवारों में से मात्र 724 महिला उम्मीदवार को चुनावी समर में उतारा गया। जो स्थिति की गंभीरता को बख़ूबी बयां करता है। केवल आरक्षण की बैसाखी के सहारे बड़े बदलाव की उम्मीद करना कोरी लफ्फाज़ी है। आधी आबादी को पूरा हक़ दिलाने के लिए समाज की सोच में बदलाव के साथ राजनीतिक दलों को इच्छाशक्ति भी मजबूत करनी होगी। आखिर ऐसा क्यों है कि राजनीतिक दलों में ये इच्छाशक्ति नहीं कि वे महिलाओं को चुनाव में टिकट वितरित कर सकें? गाहे बगाहे इस बात की चर्चा जोरों पर होती हो कि क्या महिलाएं राजनीति के दांवपेंच समझेंगी? क्या वे विजयी उम्मीदवार साबित होगी या नहीं? ये सवाल हर राजनीतिक दल को परेशान करता है। 'यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी वर्ल्ड इंस्टीट्यूट फ़ॉर डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स' रिसर्च की रिपोर्ट कि माने तो महिला नेता, महिला और परिवार समर्थक नीतियों को लागू करके महिलाओं और बच्चों के मुद्दों पर बेहतर ढंग से कार्य करती है। गांधी जी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढ़ाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना। जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी।

अंतर्मन




## आज की पाती

### अहिंसा और अनेकांतवाद जैन दर्शन के प्राणभुत तत्व है

पदार्थ अवगुणो और विशेषताओं को धारण करनेवाला है। वस्तु के अनंत धर्मात्मक होने के अर्थ है कि सत्य अनंत है तो फिर उस अनंत रहस्य को देखने के लिए दृष्टि भी अनंत चाहिए अर्थात विराट दृष्टि के द्वारा ही उस अनंत शक्ति का साक्षात्कार किया जा सकता है। अहिंसा और अनेकांतवाद जैन दर्शन के प्राणतत्व है। जैन दर्शन में इनका वही महत्व है जो महत्व हमारे शरीर में हृदय और मस्तिष्क का है। अहिंसा आचार प्रदान है तो अनेकांतवाद विचार प्रदान है। जहां विचारों का सुमेल अर्थात समानता नहीं है वहां अनेक प्रकार के संघर्ष व आलोचना की बाढ़ सी आ जाती है।

-कांतिलाल मांडोत सूरत

करंट अफेयर

## दिवाली की धार्मिक मान्यता के लिए प्रस्ताव पेश करेंगे



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने दीपावली त्योहार को मान्यता देने के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश करने की अपनी योजना की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा, ''दुनियाभर में और यहां अमेरिका में सिख, जैन और हिंदुओं के लिए दीपावली खुशियों के साथ-साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाने का त्योहार है।'' उन्होंने कहा कि हर साल भारतीय मूल के लाखों अमेरिकियों के साथ ही दुनिया भर में करोड़ों लोग दीपावली मनाते हैं। इस साल यह त्योहार 12 नवंबर, रविवार को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है'

ऑफ बीट

## क्या कॉफ़ी वज़न बढ़ने से रोकने में मददगार है?



**क्वींसलैंड (ऑस्ट्रेलिया)।** कॉफी को दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के लिए जाना जाता है। दिन में तीन से चार कप इंस्टेंट कॉफी पीने से हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह और कुछ कैंसर सहित कई स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा कम हो जाता है। अधिकांश लोगों का उम्र बढ़ने के साथ हर साल थोड़ा-थोड़ा वजन बढ़ता है। लेकिन क्या कॉफी धीरे-धीरे बढ़ते वजन को रोकने में मदद कर सकती है? शोधकर्ताओं के एक समूह ने जांच की कि क्या दिन में एक अतिरिक्त कप कॉफी पीने या चीनी, क्रीम या गैर-डेयरी विकल्प जोड़ने से उन लोगों की तुलना में अधिक या कम वजन बढ़ता है जो अपने काफी पीने की आदत में बदलाव नहीं करते हैं।

ट्रेंड

### मातृभूमि में पुनः स्वागत



मातृभूमि में पुनः स्वागत है। इजराइल से 212 भारतीय नागरिकों को लेकर पहली उड़ान में लगे 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे। पीएम नरेंद्र मोदी प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### एकात्मता के दिव्य मंत्र



भारतवर्ष ने विश्व शान्ति, लोक कल्याण और समन्वय के लिए सर्वे भवन्तु सुखिन: जैसे एकात्मता के दिव्य मंत्र दिए हैं। चिरकाल से मानवीय समस्याओं और संघर्ष में समाधान प्रस्तुत करना ही भारतीय संस्कृति का मूल उद्देश्य है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### भुखमरी की स्थिति



गुरुवार को जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक-2023 के मुताबिक भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर है। भारत का स्कोर 28.7% है जो इसे ऐसी कैटेगरी में लाता है जहां भूख और भुखमरी की स्थिति अति गंभीर और चिंताजनक है।

लालू यादव, राजद सुप्रीमो

### सियाचिन में मोबाइल टावर



सियाचिन में स्थापित किया पहला मोबाइल टावर! हमारी अशांत दुनिया में एक छोटी सी घटना, लेकिन इसका मतलब यह है कि हमारे जवान जो हमारी रक्षा के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में हर दिन अपनी जान की बाजी नहीं लगाते हैं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

संक्षेप

## अमेठी में ग्राम सभाओं की चौपाल बनी दिखावा

### समस्याओं का नहीं हो रहा निस्तारण, ग्रामीण दर-दर भटकने को मजबूर

अमेठी जिला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को ग्राम सभा में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण का आदेश दिया है, लेकिन अमेठी में अधिकारी ग्राम सभा में चौपाल नहीं कर रहे है। ग्राम सभाओं में चौपाल का आयोजन न होने से ग्रामीणों की समस्यायों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। अधिकारी सिर्फ कागजों पर ही ग्राम सभाओं में चौपाल का आयोजन करवा रहे है। अमेठी में अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे है।हालात ये है कि ग्राम सभाओं में आयोजित होने वाले चौपाल सिर्फ सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। भेटुआ ब्लाक के टिकरी ग्राम सभा में पंचायत भवन में आयोजित होने वाला चौपाल आयोजित नहीं संचालित हुआ। चौपाल आयोजित नहीं होने से पंचायत भवन में ताला लटका रहा और ग्रामीण अधिकारियों का इंतजार करते रहे।पंचायत भवन में कोई भी अधिकारी या संबंधित कर्मचारी नहीं दिखा। चौपाल के नोडल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार आईएसबी से बात की गई तो उन्होंने अपने हाथ खड़ा कर दिए। उन्होंने कहा कि मैं चौपाल में गया था और बीडीओ साहब ने मुझे काम बताया इसलिए हम चले आये।

## सुल्तानपुर में सगे भाइयों ने अधेड़ को पीटा

### मुंह में डाली पिस्टल, अधेड़ को खांसी आने पर दीवार फांदकर छत पर आए थे

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में दबंगई की अजीबो गरीब घटना सामने आई है। दबंग भाइयों ने एक व्यक्ति को महज इसलिए गाली-गलौज करते हुए पीटा कि उसे खांसी आ गई थी। आरोप तो ये भी है कि दबंग ने लाइसेंसी पिस्टल की नाल पीड़ित के मुंह में डाल दिया था। न्याय की आस लेकर पीड़ित थाने पहुंचा तो उसकी सुनवाई तक नहीं हुई। आखिर में उसने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला हलियापुर थानाक्षेत्र का है। थानाक्षेत्र के कोटवा कांपा गांव निवासी अरुण कुमार सिंह का आरोप है कि पड़ोस के राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र हरिहर प्रताप सिंह व उसके भाई ज्ञानेंद्र सिंह ने उसे गाली-गलौज करते हुए मारा पीटा। अरुण ने बताया कि बीते 9 अक्टूबर की रात वो पत्नी सरिता के साथ छत पर सो रहा था। रात में मुझे खांसी आ गई जिस पर राघवेंद्र व ज्ञानेंद्र छत फांदकर आ गए। मुझसे कहा कि तुम मुझे देखकर ठुमकी लगाते हो। मैंने कहा भी कि मुझे खांसी आ रही थी। इस पर राघवेंद्र ने लाइसेंसी पिस्टल निकालकर मेरे मुंह में उसकी नाल डाल दिया। मेरी पत्नी ने किसी तरह बीच बचाव किया और पिस्टल लेकर पड़ोसी की छत पर फेंक दिया। तब ज्ञानेंद्र पिस्टल उठाने गया। पीड़ित अरुण का कहना है कि हम किसी तरह जान बचाकर भागे तो आरोपियों ने घेर कर पीटा। 10 अक्टूबर को थाने पर गया तो सुनवाई ही नहीं हुई।

# फसल अवशेष के बेहतर प्रबन्धन से अतिरिक्त आय अर्जित करें किसानः विधायक नानपारा

## पराली प्रबन्धन प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। खेतों में फसल अवशेष न जलाने तथा फसल अवशेषों के बेहतर प्रबन्धन से अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु जिले के कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने तहसील नानपारा परिसर से कृषि विभाग के पराली प्रबन्धन जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अजीत परेश, तहसीलदार प्रद्युम्न पटेल, एसडीओ कृषि नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार नानपारा अमर सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए राम प्रकाश मौर्या, प्रगतिशील कृषक बालकराम, सुनील कुमार व अन्य कृषक तथा तहसील व कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। यह प्रचार वाहन विकास खण्ड रिसिया, बलहा, नवाबगंज, मिहींपुरवा व शिवपुर के दूरदराज क्षेत्रों में जाकर कृषकों को खेतों में पराली न जलाने तथा फसल अवशेषों के बेहतर प्रबन्धन हेतु जागरूक करेगा। जागरूकता वाहन को रवाना करते हुए विधायक नानपारा श्री वर्मा ने बताया कि पराली जलाने से जहां एक ओर पर्यावरण प्रदूषित होता है वहीं दूसरी ओर भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो जाती है। जिससे उत्पादन में भी गिरावट होने से कम मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त होने के अलावा मवेशियों के लिए चारे की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। विधायक श्री वर्मा ने जिले के कृषकों से अपील की कि पराली व फसल अवशेष को खेतों में कदापि न जलाये बल्कि इसका बेहतर प्रबन्धन कम्पोस्ट खाद तैयार करें इससे अच्छी फसल के साथ साथ जमीन की सेहत में भी सुधार होगा।

इस अवसर पर उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी नानपारा श्री मिश्र ने उपस्थित किसानों को बताया कि पराली को आग के हवाले करने से भूमि के साथ-साथ मानव स्वासथ्य व पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पराली जलाना राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। पराली जलाने पर दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रू. 2,500=00, दो से पांच एकड़ क्षेत्र के लिए रू. 5,000=00 तथा पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र में पराली जलाने पर किसान से रू. 15,000=00 तक पर्यावरण कम्पेनशेसन धनराशि की वसूली की जा सकती है।

# छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट दर सुधारने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्णः बीईओ

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सोमवार को जनपद के विकास खण्ड तजवापुर में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षा विभाग द्वारा अर्ली वार्निंग सिस्टम पर आधारित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय ना आने वाले या किन्हीं कारणों से गैर हाजिर रहने वाले छात्रों का विश्लेषण कर ड्रॉपआउट दर में सुधार करने के टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण सभागार में बीईओ तजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज शिक्षकों को प्रशिक्षण संदर्भ दाता एआरपी डॉ0 नंद कुमार शुक्ला, डॉ0 सगीर अहमद, अनूप कुमार मिश्रा, मोहम्मद हलीम, एवं सुनील परिहार ने प्रतिभागियों को पूर्व संकेत प्रणाली के घटक लक्षित छात्रों की पहचान, ट्रैकिंग रिस्पांस रणनीति, सामाजिक सुरक्षा योजना, मासिक समीकरण प्रपत्र, आदि भरने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मौजूद प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों से बीईओ तजवापुर ने कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्रों की अनियमित उपस्थिति तथा ड्रॉप आउट की दर में कमी लाने में सहायता मिलेगी। गांव में जन सहयोग तथा प्रभावित पीटीएम, एसएमसी बैठकों में स्कूल नहीं आने वाले छात्रों के संबंध में आवश्यक सहयोग लिया जाए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापको में आनन्द कुमार पाठक, विजय कुमार उपाध्याय ,भुवनेश्वर पाठक, मृत्युंजय शुक्ला, कंचन गुप्ता, अनुप्रिया श्रीवास्तव, भारती त्रिपाठी, सुनीता सिंह, कार्यालय सहायक शिवम कुमार मिश्र सहित विकास खण्ड तजवापुर के सैकड़ो प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# एसएसबी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा के अधीनस्थ 'डीह्म समवाय द्वारा सोहनी बलाईगाँव के पंचायत भवन परिसर में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर एवं मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन शक्ति सिंह ठाकुर कार्यवाहक कमांडेंट 59वीं वाहिनी के तत्वाधान में कराया गया। जिसमें डा. आर.पी. सिंह गौंड नेत्र चिकित्सक जिला अस्पताल बहराइच के द्वारा 11 पुरुष व 20 महिलाओ कुल 31 ग्रामीणों के आँखों में मोतियाबिंद का जाँच किया गया एवं डा. आकिब अजाज (जीडीएमओ) द्वारा 51 पुरुष 54 महिला व 21 बच्चे कुल 126 ग्रामीणों का चिकित्सीय जांच किया गया तथा चिकित्सीय टीम द्वारा निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें साफ सफाई से रहने के बारे में भी बताया गया। इस शिविर के आयोजन के तहत सीमावर्ती गाँव सोहनी बलाईगाँव, अचकवा, पोंडा एवं मेढ़किया के ग्रामीण लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डा. आकिब अजाज (जीडीएमओ) द्वारा एआईडीएस/सर्दी के मौसम में फैल रही विभिन्य संक्रमण बिमारियों के बारें में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गौतम शर्मा सहायक कमान्डेंट, ग्राम प्रधान रौशनी देवी तथा 59वीं वाहिनी के अन्य बलकर्मी व गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# नारी सुरक्षा सम्मान तथा स्वालंबन के बारे में दी जानकारी

## मोतीपुर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। मिशन शक्ति के तहत उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन के लिए लगातार कार्य कर रही। शारदीय नवरात्रि में 10 दिवसीय मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत थाना मोतीपुर के कस्बा मिहींपुरवा में आयोजित रामलीला स्थल पर मोतीपुर थाना प्रभारी श्रीधर पाठक के नेतृत्व में मिशन शक्ति दीदी कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी श्रीधर पाठक ने बताया कि नारी सुरक्षा नारी सम्मान तथा नारी के स्वावलंबन के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया। जिसमें कहीं भी कोई समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1090, 1098,1076 ,112,1930 181,108 की जानकारी दी गई साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदन योजना वृद्धा पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि कहीं भी कोई समस्या हो तो महिलाएं तुरंत दिए गए नंबर पर संपर्क करें उन्हें तत्काल पुलिस सुरक्षा सहायता प्रदान की जाएगी। इस मौके पर थाना मोतीपुर की महिला पुलिस व पुलिस स्टाप उपस्थित रहे।

# कैसरगंज के सब्जी मंडी में स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमा



### एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक ने किया दुगार्पूजा महोत्सव का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के सब्जी मंडी में मां दुर्गा की प्रतिमा का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर स्थापना की गई। मुख्य यजमान की भूमिका एसडीएम पंकज दीक्षित व प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने निभाई। मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक को नव दुर्गा पूजा उत्सव समिति की ओर से समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह कांटा बाबू, व रवि सोनी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भगवानदास सोनी, नंद कुमार सोनी, अमित श्रीवास्तव ,चंदन सोनी, रवि सोनी, अभय द्विवेदी हिमांशु सिंह , रमेश चौधरी,, राहुल प्रजापति, राजू सोनी हरिओम यज्ञसेनी अतुल गुप्ता राम जी यज्ञसैनी, रामेन्द्र चौधरी, दिनेश कौशल, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर में वृद्ध की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

- खेत पर रखवाली कर रहा था, पोती बोली- पड़ोसियों ने कहा था मार डालेंगे, रात बीतने नहीं देंगे

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत मधुबन में वृद्ध की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। बीती रात घटना को अंजाम दिया गया। सुबह परिवार वाले उठे तो उन्हें घटना की सूचना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है पड़ोस के दो व्यक्तियों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के मधुबन गांव में बीती रात तुलसीराम निषाद (70) की बदमाशों ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्याकर दी। जानकारी के अनुसार तुलसीराम घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित खेत की रखवाली के लिए छप्पर डालकर रहता था। बीती रात भी वो घर से भोजन आदि करके खेत पर पहुंचा। जहां उसकी बदमाशों ने हत्या कर दी। सुबह जब घर वाले वहां पहुंचे तो लहूलुहान शव देखकर वे चीखने-चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आरबी सुमन, सीओ पंकज सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉयड और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया कि शराब पीकर गाली-गलौज करने की बात सामने आ रही है। जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना जमीन की रंजिश को लेकर अंजाम दी गई है। मृतक की पौत्री ने बताया कि सोनू निषाद से परसों भी विवाद हुआ था। दूसरे लोगों को बुलाए और कल भी दूसरों को बुलवाकर झगड़ा किए थे। गाली-गलौज किए थे। हम लोग बोले तो मारने के लिए दौड़े थे।

# पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा पुलिस ने पोक्सो एक्ट में पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गौस मोहम्मद पुत्र बास अली उम्र 44 वर्ष निवासी गोविंदपुर दाखिल नव्वागांव थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को रुपईडीहा रेलवे स्टेशन के पास से सुबह 6 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के बाद जनपद न्यायालय बहराइच मे पेश करने के लिए भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना रुपईडीहा के उप निरीक्षक बिहारी सिंह यादव, हेड का0 राकेश कुमार, का0 सूरज सिंह रहे।

# 35 किसानों को विधायक नानपारा ने बांटे बीज मिनी किट



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने किसान कल्याण केन्द्र बलहा पर सुनील कुमार चौधरी, बालकराम वर्मा, राम अभिलाख, विशाल चौधरी, हुसैनी, रवि शंकर व रमाकान्त इत्यादि 35 कृषकों को तिलहन सरसों बीज मिनीकिट का वितरण करते हुए कृषकों की आय को दोगुना करने हेतु भारत सरकार व राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। श्री वर्मा ने कृषकों को गौआधारित जैविक खेती के साथ-साथ पशुपालन करने का सुझाव दिया ताकि खेतों के लिए देसी खाद भी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, एसडीएईओ नानपारा सुधीर कुमार मिश्र, एसटीए राम प्रकाश मौर्य, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार नानपारा अमर सिंह, पंकज किशोर, अनिल कुमार, यशपाल वर्मा सहित अन्य कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी व कृषक मौजूद रहे।

आयोजित

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली और कृषि विवि के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ

# ब्लेंडेड लर्निंग (मिश्रित शिक्षा प्रणाली) प्लेटफार्म विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार




मिल्कीपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा ऑडिटोरियम में ब्लेंडेड लर्निंग (मिश्रित शिक्षा प्रणाली) प्लेटफार्म विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। यह कार्यशाला भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने जल भरो कार्यक्रम के साथ किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि मिश्रित प्रणाली शिक्षा एक औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम है जिसमें विद्यार्थी पाठ्यक्रम का एक भाग कक्षा में और दूसरा भाग डिजिटल एवं ऑनलाइन संसाधनों के माध्यम से पूरा करता है। कुलपति ने कहा कि इस शिक्षा में समय, जगह, विधि तथा गति का नियंत्रण छात्रों के चयन पर निर्भर करता है। कुलपति ने कहा कि मिश्रित शिक्षा प्रणाली से छात्र-छात्राओं में गुणात्मक सुधार की संभावना अधिक रहती है। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आर.सी गोयल ने विस्तार से बताया कि इस शिक्षा को छह प्रकार में बांटा गया है। जिसमें रुबरु संचालन, नियमित आवर्तन फ्लेक्स, प्रयोगशाला, स्वतः ब्लेंड और ऑनलाइन संचालन का समावेश है। इस शिक्षा के माध्यम से अध्यापक और छात्रों के बीच संचार और भी बेहतर होता है। इस शिक्षा में अध्यापक अपना उपदेश डिजिटल उपकरणों से करते हैं साथ ही विद्यार्थी अपना पूरा अध्ययन इंटरनेट तथा डिजिटल संस्थान का प्रयोग करके पूरा करता है। यह कार्यक्रम नाहेप के वित्तीय सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम का संयोजन पशु पोषण विभाग के विभाध्यक्ष डा. वी.के सिंह एवं डा. आशीष सिंह ने किया।

# हमीरपुर में अराजकतत्वों ने दुर्गा प्रतिमाओं को किया खंडित

- नवदुर्गा पूजा को बनाई जा रहीं थीं मूर्तियां, शिल्पकार बोला- काम अच्छा चलने से लोग रखते रंजिश

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर में उरई बस स्टैंड नहर के पास भूमि राजपूत मूर्ति कला केंद्र में नवदुर्गा पूजा के लिए निर्मित हो रही देवी मां की तीन मूर्तियों को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मूर्तिकार ने राठ कोतवाली पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। राठ कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव के निवासी मूर्तिकार राघवेंद्र पुत्र गोविंद दास ने राठ कोतवाली में शिकायत कर बताया कि वह राठ कस्बे के उरई बस स्टैंड नहर के पास किराए की दुकान में नवदुर्गा पूजा के लिए मूर्तियों का निर्माण करता है। बताया कि शुक्रवार की रात के समय लगभग 11 बजे तक वह निर्मित मूर्तियों में अपनी कलाकारी करता रहा। उसके बाद वह वहीं पर लेट गया। मध्य रात्रि के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मूर्ति कला केंद्र में आकर तीन मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। राघवेंद्र ने बताया कि उसका मूर्तियों के निर्माण से संबंधित कार्य वर्तमान समय में काफी अच्छा चल रहा है। जिस वजह से कुछ लोग उससे ईर्ष्या भी मानने लगे हैं। आशंका जताते हुए कहा कि किसी अराजक तत्व ने ही इसे अंजाम दिया है। उसने राठ कोतवाली पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है

## संक्षेप

### बाल अधिकारों , सुरक्षा एवं संरक्षा पर की गई चर्चा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। बड़हलगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय भीटी बाल व प्राथमिक विद्यालय धोबौली में बाल अधिकारों सुरक्षा एवं संरक्षा पर चर्चा किया गया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक हरि लाल निषाद ने कहा कि छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को बाल अधिकारों सुरक्षा एवं संरक्षा के सम्बन्ध में यथा घरेलू हिंसा बच्चों के साथ होने वाली हिंसा सामाजिक कुरीतियां लिंग भेद यौन हिंसा छेड़छाड़ सेफ टच अनसेफ टच हेल्पलाइन नंबर की जानकारी आदि मुद्दों पर जागरूक करने हेतु रोचक गतिविधियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। बच्चों को कानूनी प्राविधानों यथा शिक्षा का अधिकार पांक्सो बाल विवाह दहेज प्रथा घरेलू हिंसा आदि के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 किसी भी प्रकार का उत्पीड़न होने की दशा में पुलिस से संपर्क करने हेतु हेल्पलाइन नंबर 112 तथा घर पर किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 एफआईआर की प्रक्रिया तथा बाल विवाह पर भी चर्चा किया गया। एवं अभिभावकों से शपथ दिलाया गया कि हम अपने बच्चों एवं पास पड़ोस में बाल विवाह नहीं करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार राव, अर्चना जायसवाल, सरिता देवी ,राम किशुन सिंह, संतोष कुमार ,रीता सिंह, प्रियंका मौर्या, मालती देवी, सोनमती, प्रेमबाला ,माधुरी, पनिता, श्रीराम, सुबास गौड़, राजकुमारी, राम नक्षत्र यादव, अजमत अली ,सबिना खातून, रेनू , संदीप शर्मा, सुशीला, विमला देवी, राजकुमारी, रूपा, पुनम, मीना, विन्दू देवी, अंशा, जालिन्दी ,सविता ,ममता, किरन देवी, रुकसाना, सुनीता, शिक्षक, एवं बच्चों सहित अभिभावकों को शपथ दिलाई गई।

### जालौन में पैदल चलकर डीएम ने परखी रोड की क्वालिटी

जालौन, जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने शुक्रवार शाम को उरई के कोंच बस स्टैंड से पीली कोठी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण किया।इस दौरान गुणवत्तापूर्ण सड़क न बनाए जाने पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही सड़क को सही से बनाने के निर्देश दिए। शुक्रवार शाम को डीएम राजेश कुमार पाण्डेय उरई के कोंच बस स्टैंड पर पहुंचे, जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा कोंच बस स्टैंड से लेकर पीली कोठी तक क्रिटिकल गैप से बनाई जा रही निमार्णाधीन सड़क का औचक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने सड़क पर पैदल चलते हुए सड़क की गुणवत्ता को परखा। जहां उन्होंने सड़क की गुणवत्ता खराब होने पर संबंधित अधिकारियों पर जमकर फटकार लगाई। साथ ही समय से गुणवत्ता युक्त सड़क बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही गिट्टी की साइज और रेशियो की जांच कराते रहने के निर्देश दिए।

## छह वर्ष पहले चरम पर थी अराजकता, प्रदेश में होते थे दंगे: सीएम योगी

**सीएम योगी ने 114 करोड़ रुपए से 20,067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का उद्घाटन किया**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहा कि आज से छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर थी। ऐसी स्थिति में कोई भी निवेशक प्रदेश में निवेश करने को तैयार नहीं था। हमारी सरकार सत्ता में आते ही सबसे पहले कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर किया।ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए आवश्यक रिफॉर्म किए। युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ा।इसी का परिणाम है कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए।इससे प्रदेश के एक करोड़ 10 लाख युवाओं को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी।प्रदेश के युवाओं को नौकरी की तलाश में देश के अन्य राज्यों में नहीं भटकना पड़ेगा। वह अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को जब उत्तर प्रदेश के विकास के साथ जोड़कर कार्य करेगा तो यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं पाएगा। सीएम योगी ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर 26 में 114 करोड़ रुपए से 20,067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का सोमवार को उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस डेयरी को पांच लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ेगी। यानी की इससे एक लाख परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा।साथ ही 300 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी मिलेगी।वहीं 1500 अन्य लोग संयंत्र के संचालन की व्यवस्था से जुड़ेंगे। सीएम योगी ने कहा कि गीडा में पिछले कुछ दिनों में निवेश की बहार सी आई है।गैलेंट, अंकुर टीएमएक्स, वरुण वेबरेज, पेप्सिको, केआन इंडस्ट्री और तत्वा प्लास्टिक जैसी कंपनियों के निवेश से गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में विकास की एक नई बहार आई है। इससे नवरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। सीएम योगी ने कहा पहले गीडा सहजनवा के कुछ गांव तक ही सीमित था। आज हम इसका विस्तार करते-करते धूलिया पर तक लेकर जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है। दोनों एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। इससे ढेर सारी नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि निवेश करने वाले उद्यमियों को किसी तरह के संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन को पूरी मुस्तैदी बरतनी होगी।साथ ही स्थानीय युवाओं को इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुरूप ट्रेनिंग के कार्यक्रमों से जोड़ना पड़ेगा। इसके लिए यहां के आईटीआई, पॉलिटेक्निक और डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेज के साथ जोड़ें।सीएम योगी ने कहा कि हमारा नौजवान खुशहाल होगा तो समाज खुशहाल होगा और समाज खुशहाल होगा तो प्रदेश समृद्धि की ओर अग्रसर होगा।

**संयंत्र का सीएम योगी ने किया निरीक्षण**

अपने संबोधन से पहले सीएम योगी ने दुग्ध उत्पाद संयंत्र का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संयंत्र को चलाने में अपना योगदान देने वाले पांच कार्मिकों को मंच से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सहजनवा विधायक ने प्रशिक्षण का शुभारम्भ कर किट वितरण किया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां भाजपा कैम्प कार्यालय के नीचे सोमवार को प्रधानमंत्री कौशल अभियान को विधायक प्रदीप शुक्ला ने टैक्टर मकैनिक के प्रशिक्षण का शुभारम्भ कर किट का वितरण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार युवओं के रोजगार को लेकर काफी गम्भीर है।

इसलिए डिप्लोमा कर चुके युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनकों रोजगार दिया जा रहा है।जिससे उनका परिवार खुशहाल हो।20दिवसीय प्रशिक्षण में 30युवा प्रशिक्षण लेंगे।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रमेश मिश्रा, संस्थापक आशुतोष सिंह,प्रमुख दिलीप कुमार यादव,रिजनल टीम लखनऊ के यशवन्त सिंह,शांतनु बिहारी पांडेय,मुत्युंजय शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहें।

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 1.21 लाख रुपए की ठगी

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा सिरुआपार निवासी एक युवक को नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज से 1.21 लाख रुपए हड़प लिया है।पुलिस ने युवक के मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रुपया हड़पने और धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से हरपुर बुदहट क्षेत्र के सिरुआपार निवासी विन्द्रावती देवी पत्नी केशव प्रसाद गांव के एक युवक ने नौकरी दिलाने के नाम पर 1.21 लाख रुपए लिए थे।नौकरी नहीं दिलाने पर युवक से दिया गया रुपया वापस करने का दबाव बनाया तो वह गाली गलौज देने के साथ धमकी देने लगा।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ब्राम्हदेव निवासी सिरूआपार के खिलाफ रुपया हड़पने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## सीएम योगी को डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने स्वरचित पुस्तक भेंट किया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के आईजीएल के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी स्वरचित पुस्तक - भारतीय कारखानों के कार्यालय प्रबंधन की प्रशासनिक पद्धति और प्रक्रिया, पर आधारित पुस्तक को सप्रेम भेंट किया।मुख्यमंत्री ने एक पुस्तक पर अपना हस्ताक्षर करके आशीर्वाद दिया। इसके बाद डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री से आग्रह पूर्वक अनुरोध किया की उन्हें सरकार के कार्यो पर एक पुस्तक लिखने की अनुमति चाहिए जिससे मुख्यमंत्री ने बड़े दिल से सहर्ष अनुमति देते हुए कुछ समझाया भी की कैसे प्रदेश में कानून व्यवस्था स्थापित है। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने पुस्तक के बारे में बताया की यह पुस्तक एमबीए के छात्रों को नौकरी पाने में सहायक होगी क्युकी इस पुस्तक में प्रशासनिक विभाग के समस्त कार्यो को विस्तार से समाहित किया गया है। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की इस पुस्तक को बिजनेस हेड ० यूपीडिए के अध्यक्ष एस के शुक्ल के आशीर्वाद से लिखा है।

## अभाविप ने शिक्षा सहित विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों के सुझाव आमंत्रित किए

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने देश-भर के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिक्षा, समाज, समसामयिक विषयों, पर्यावरण सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव आमंत्रित किए हैं, छात्र उपर्युक्त उल्लेखित विषयों पर अपने सुझाव अभाविप के फेसबुक,एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया हैंडलों पर उपलब्ध गूगल फॉर्म द्वारा या अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल को निम्न मेल पर भेज सकते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, देश-भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों से प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रस्ताव तैयारी करेगी, इन प्रस्तावों को अभाविप के दिल्ली में 30 नवंबर 2023 से 03 दिसंबर 2023 के मध्य आयोजित हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में आए विद्यार्थियों के बीच चर्चा के उपरांत पारित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशनों तथा राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठकों में शिक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा के उपरांत प्रस्ताव पारित करने तथा उन पारित प्रस्तावों के बिंदुओं पर अभाविप की पूरे देश भर में विस्तारित इकाइयों द्वारा विद्यार्थी-युवाओं के साथ काम करते हुए सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में प्रयास किए जाते हैं।अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि,₹ देशभर के विद्यार्थियों से अभाविप अलग-अलग विषयों पर अभाविप के प्रस्तावों निमित्त अपने मत व सुझाव देने का आह्वान करती है।शिक्षा, समाज, राष्ट्र व पर्यावरण से जुड़े विषय निरंतर परिवर्तनशील हैं, इन विषयों पर भारतीय युवाओं की समझ को देश की नीतियों में उचित स्थान मिलना चाहिए। अभाविप के अमृत महोत्सवी अधिवेशन में छात्रों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा के उपरांत आगामी कार्ययोजना तय होगी।

### हत्या की सूचना पर हरकत में रही पुलिस दो को उठाया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के चांदबारी में दाह संस्कार में गए दो युवक पानी फेकने को लेकर आपस में हाथापाई कर दिए थे।उसी दौरान एक युवक ने पुलिस को हत्या होने की सूचना दे दिया।हरकत में आई पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंच गई।मामले की जानकारी लेने के बाद दोनो युवकों को पुलिस थाने लाई।मिली जानकारी सहजनवा थाना क्षेत्र के चांदबारी निवासी सुरज पुत्र गब्बू लाल और बंशी गुप्ता पुत्र रामसकल दोनो गांव के एक व्यक्ति के आकस्मिक मौत होने पर दोनो दाह संस्कार में शामिल होने के आमी नदी के तट पर गए हुए थे।स्नान करने के बाद दोनो युवक एक दूसरे पर पानी फेकते हुए हाथापाई करने लगे ।तभी सुरज ने पुलिस को सूचना दे दिया की आमी नदी अंतेष्टि स्थल पर हत्या हो गई है।

## आईटीएम गीडा में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर मे अखिल भारतीय शिक्षक परिषद् के निर्देशानुसार नवाचार परिषद् के द्वारा महान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति, 'भारत रत्न' डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम जी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन शैली एवं विचारधारा पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ महायोगी गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो.ए के सिंह एवं संस्थान के संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।संस्थान के छात्रों ने डॉ कलाम के जीवन और उनके द्वारा देश के लिए उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित मॉडल, रंगोली एवं पोस्टर बना कर प्रदर्शित किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि डॉ. कलाम का पूरा जीवन ही आदर्श और प्रेरणास्त्रोत है।कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, फामेर्सी निदेशक पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, डॉ आर एल श्रीवास्तव, डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ खालिद, सहित संस्थान के सभी विभागों के शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## मेरठ में मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर पलटी

- हादसे में एक की मौत, 2 घायल; लिंटर डलवाने के बाद घर लौट रहे थे सभी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में लिंटर डालने की मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई।जिससे तीन युवक उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उपचार के दौरान लालियाना निवासी युवक की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर मृतक युवक के परिवार वालों में हाहाकार मच गया। हादसा किठौर थाना क्षेत्र में किठौर-परीक्षितगढ़ मार्ग पर हुआ। ललियाना निवासी कलाम पुत्र इंसाफ अली अन्य साथियों के मिक्सर मशीन से लिंटर डालकर गांव लौट रहा था। किठौर-परीक्षितगढ़ मार्ग पर ईसापुर मोड़ के निकट मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। मशीन की चपेट में तीनों मजदूर आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास के लोगों ने तीनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया।जहां उपचार के दौरान कलाम की मौत हो गई। कलाम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर कलाम के परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए और बिना पोस्टमॉर्टम के उसके शव को अपने साथ ले गए।थाना प्रभारी किठौर ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## मेरठ में एसएसपी से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पीड़िता बोली– पड़ोसियों जानलेवा हमला किया, मारपीट का वीडियो आने पर भी नहीं हुई कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ के मेडिकल थाना क्षेत्र के प्रवेश बिहार में पुरानी रंजिश के चलते 12 अक्टूबर को पड़ोस के रहने वाले दबंगों ने परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।महिला सहित उसका पति भी गंभीर रूप से घायल हो गया था।पीड़ित परिवार ने मेडिकल थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दबंगों द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते पीड़ित परिवार आरोपियों पर कार्रवाई की एसएसपी ऑफिस पहुंचा और प्रदर्शन करते हुए दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।प्रवेश बिहार की रहने वाली रीना पत्नी भानु प्रताप ने एसपी ऑफिस पहुंच कर बताया कि 12 अक्टूबर को पड़ोस के रहने वाले विनोद, शिव चरण, निखिल आदि ने पुरानी रंजिश के चलते उसके परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया था। आरोपियों के हमले में रीना और उसका पति भानु प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटनास्थल पर मौजूद आसपास के लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।वायरल वीडियो में दबंग महिला और उसके पति के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को रीना पड़ोस की महिलाओं को लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंची और जमकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने मेडिकल थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस आरोपियों से मिली भगत के चलते उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दबंगों ने अपनी गाड़ियों पर जिला प्रशासन लिखा हुआ है। जबकि उनके परिवार से कोई भी सरकारी नौकरी पर मौजूद नहीं है। महिलाओं ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी रोहित सिंह साजवान ने जल्द मामले में जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चित्रकला एवं स्लोगन के द्वारा मतदाताओं को किया गया जागरूक

- विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा,बोली प्रधानाचार्या;-मतदाताओं की लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, अनूपशहर:नगर के एल डी ए वी इंटर कॉलेज में स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में चित्रकला,स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने सुंदर, मनमोहक चित्रों एवं प्रभावी स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता के लिए संदेश दिया।उपस्थित लोगों ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि मतदाताओं की लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्वस्थ एवं विकसित सफल लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को अपने अधिकार एवं भूमिका के प्रति जागरूक होकर मतदान अवश्य करना चाहिए।प्रवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि मतदाताओं की जागरूकता पर लोकतंत्र का भविष्य निर्भर करता है। निष्पक्ष, पक्षपात रहित एवं बिना भय या लालच के सुयोग्य प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए हमें अपने मत का प्रयोग चुनाव में करना चाहिए।चित्रकला प्रतियोगिता में पृथ्वी प्रथम, भूमिका चौधरी द्वितीय दीपांशी तृतीय, स्लोगन में माही अग्रवाल प्रथम, चंचल द्वितीय, वंशिका तृतीय तथा निबंध प्रतियोगिता में यश कुमार प्रथम, माही अग्रवाल द्वितीय, वर्षा नागर तृतीय स्थान पर रहे।

## अनूपशहर में पितृ विसर्जनी अमावस्या पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**हजारों श्रद्धालुओं ने पितरों के तर्पण को लगाई गंगा में डुबकी, इस बार बना दुर्लभ संयोग**

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, बुलंदशहर के अनूपशहर में पितृ विसर्जनी अमावस्या पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।शनिवार को कस्बे के बबस्टर गंज घाट, बाबा मस्तराम घाट, गंगा पुल एवं कच्चे घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।इसके बाद पितरों के तर्पण के लिए गंगा किनारे धार्मिक अनुष्ठान कराया।अनूपशहर एवं अहार के गंगा घाटों पर शुक्रवार की देर शाम से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था।गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की एवं पितरों के तर्पण के लिए गंगा किनारे धार्मिक अनुष्ठान कराया।वहीं दूसरी ओर अनूपशहर तहसील के अहार क्षेत्र में सिद्ध बाबा गंगा घाट और अवंतिका देवी घाट पर भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे।इस बार पितृ विसर्जनी अमावस्या पर बहुत ही शुभ संयोग बना।इस बार अमावस्या के दिन शनिवार होने के चलते इसे शनिचरी अमावस्या भी कहा गया।इसके अलावा इस दिन साल का दूसरा सूर्य ग्रहण भी लगने जा रहा है।

## मेरठ में मिशन शक्ति अभियान के तहत निकली रैली

- पुलिस लाइन से निकलकर आरजी कॉलेज में हुआ समापन, छात्राओं से लेकर खिलाड़ियों ने भाग लिया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में महिला शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ शनिवार को हुआ।इसके तहत पुलिस लाइन से महिला सुरक्षा रैली निकाली गई।रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर आरजी पीजी कॉलेज तक निकाली गई।रैली में महिला पुलिस कांस्टेबल, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं, एएनएम सहित स्कूल, कॉलेज की छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस कैडेट्स, स्काउट गाइड की छात्राओं व खिलाड़ियों ने भाग लिया।पुलिस लाइन में कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे, आईजी नचिकेता झा ने मिशन शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उत्साह और संदेश से भरे मिशन शक्ति अभियान की रैली का नेतृत्व खुद पुलिस, प्रशासनिक अफसर कर रहे थे। मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का आरंभ शनिवार सुबह मेरठ से हुआ। पुलिस लाइन परेड मैदान पर रंग-बिरंगे गुब्बारों से सुसज्जित दोपहिया वाहनों पर महिला पुलिसकर्मी पुलिस लाइन में बेटियों और महिलाओं में जागरूकता का संदेश रैली के माध्यम से देने के लिए तैयार थीं। रैली में 50 दोपहिया वाहन थे।प्रत्येक पर दो-दो महिला पुलिसकर्मी थीं।रैली के माध्यम से नारी शक्ति का संदेश देना है। बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। रैली के द्वारा संदेश वाहक का हिस्सा बनने वाली महिला पुलिसकर्मियों में उत्साह था। मिशन शक्ति रैली पुलिस लाइन से आरंभ होकर आरजी कॉलेज पर समाप्त हुई।रैली में शामिल लोगों ने नारी सुरक्षा के नारे लगाए।रैली में डीएम दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसपी यातायात जितेंद्र श्रीवास्तव सहित सीडीओ, सीओ व अन्य सभी अफसर मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बच्चे के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

किशनी/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव खिदरपुर मड़ैया निवासी अनीता देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर नामजदों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि गांव के रमेश, सतीश, सुधा, सोनी ने मेरे 3 वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट कर दी। बच्चे ने छत पर खड़े होकर मुंह मे पानी भरकर खेलते हुए पलट दिया था। इस मारपीट से उसके चोटें आ गयी। पुलिस ने नामजदों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाजार से मुर्गा व शराब न लाने पर पिता-पुत्र से मारपीट, मुकदमा

किशनी/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव छोटा हर्राजपुर निवासी पिंटू पुत्र मन्नू दुबे ने गांव के ही पिता ब्रजराज व पुत्र अंकित उससे मुर्गा व शराब लाने के लिए कहा। उसके लाने की मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी डंडो से मारपीट कर दी जिससे उसके चोटें आ गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी नल से पानी भरने को लेकर मारपीट

किशनी/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के जखा निवासी रामशंकर पुत्र रामकिशन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि नगला दनू निवासी महाराज सिंह, अश्वनी कुमार, अनीता देवी शाक्य ने रविवार की रात्रि 9 बजे सरकारी नल से पानी भरने के विवाद को लेकर उसके साथ गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दी। इस मारपीट में उसके चोटें आ गयी। जब पत्नी राधा देवी ने बचाने आयी तो उसे भी मारापीटा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दबंग नहीं बनाने दे रहे सरकारी आवास

कुरावली/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर निवासी महिला लक्ष्मी पत्नी प्रदीप ने सोमवार को कोतवाली में तेरी देते हुए बताया कि उसकी गांव में 35 वर्षों से जमीन पड़ी हुई है। जिस पर कमरा तथा बाउंड्री बनी है। शान द्वारा उसके लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया। वहीं सोमवार को जगह पर प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए काम शुरू कर रही थी। तभी गांव के ही विश्वनाथ तथा उसके पुत्रों ने आकर गाली गलौज करते हुए काम को रुकवा दिया तथा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### महान सत्संग समारोह हुआ संपन्न

कुरावली/मैनपुरी। बचपन से ही बच्चों में संस्कार डालोगे तभी वह महान बन सकेंगे और समाज की गंदगी को साफ करेंगे। उक्त विचार नगर के जीटी रोड स्थित मंदिर महाराज जी बाबा के निकट चल रहे तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह के अंतिम दिन संत प्रेम परागानंद ने व्यक्त किये। वहीं प्रवचन के दौरान मालिनी बाई, उदय बाई, भारती भाई ने अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात संतों का सम्मान करने के पश्चात सत्संग समारोह संपन्न किया गया। इस दौरान आयोजक डॉ के एस पथरिया, राजेंद्र शर्मा, अनिल गुप्ता, शिशुपाल यादव, अनेक सिंह यादव, तुरशन पाल, श्री कृष्ण शाक्य, अनिलेश आदि लोग मौजूद रहे।

# सहकारिता के माध्यम से प्रदेश में रुकेगा युवाओं का पलायन

**बहुउद्देशीय होने से सहकारी समितियों का होगा विकास: डॉ प्रवीण जादौन**



अमन लेखनी समाचार

ललितपुर। बहुउद्देशीय होने से सहकारी समितियों का विकास होगा अब सहकारिता के माध्यम से प्रदेश में युवाओं का पलायन रुकेगा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होगे उपरोक्त विचार सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवम् उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने व्यक्त किए वह आज सहकार भारती ललितपुर द्वारा विकास भवन ललितपुर के सभागार में आयोजित सहकारी संवाद में मुख्य अतिथि के रूप बोल रहे थे।

ललितपुर विकास भवन में आयोजित सहकार संवाद का शुभारंभ मां भारती की चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया जिला महिला प्रमुख नीलम सोनी ने सहकार गीत सहकार मंत्र प्रस्तुत किया।

संवाद में बतौर मुख्य अतिथि पधारे सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री और उ. प्र. राज्य निर्माण संघ के निदेशक डा. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारी समितियां अब खाद बीज तक सीमित नहीं रहीं हैं इन्हें बहुउद्देशीय बनाया जा रहा है पिछले माह प्रदेश में दस लाख नए सहकारी समितियों में सदस्य बने हैं इसलिए समिति के माध्यम से सबको मजबूत बनाने की बड़ी पहल की जा रही सहकार भारती का क्रेडिट प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सम्मेलन २ एवम् ३ को दिल्ली में एवम् महिला सम्मेलन १५ एवम् १६ को हैदराबाद में हो रहा है जिसमे बुंदेलखंड से अधिक सहभागिता रहे, सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष एवम् बुंदेलखंड प्रभारी गजेन्द्र अवस्थी ने कहा कि सहकार भारती सहकरिता क्षेत्र का देश व्यापी संगठन है सहकारिता के माध्यम से आर्थिक रूप सशक्त बनाने हेतु सहकार भारती कार्य कर रही है सहकार भारती सभी से मिलकर उन्हें सहकारिता का उद्देश्य और उससे लाभान्वित करने के लिए हर संभव मददगार होगी उन्होंने लोगो से संवाद स्थापित कर, दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की जानकारी दी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश मंत्री ललितपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि के सभापति प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सहकारिता भारती से शुरू हुई है जो अनादिकाल से है उन्होंने इसके लिए ऋग्वेद का श्लोक सुनाया, उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण एवम् उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की बात कही जिला सहकारी बैंक लि ललितपुर के सभापति रमेश लोधी ने महिला समूहों से चर्चा करते हुए उन्हें मजबूत बनाने के लिए उनका हर प्रकार का सहयोग करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंक समूह की महिला सदस्यो को रोजगार से जोड़ने हेतु तीन लाख का ऋण उपलब्ध कराएगा बैठक की अध्यक्षता सहकार भारती ललितपुर जिला अध्यक्ष धर्म सिंह कुशवाहा ने की और संचालन पूर्व जिला महामंत्री आलोक जैन ने किया। इस दौरान सहकार भारती श्रम सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक ब्रजेश गुप्ता विभाग सह संयोजक प्रवीण भार्गव जिला संगठन प्रमुख विभूति भूषण चौरसिया जिला संपर्क प्रमुख सुरेंद्र सिंह पस्तोर आर एस एस सह कार्यवाहक मनीष श्रीवास्तव, सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष हाकिम सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष जालौन उपेन्द्र सिंह रजावत, मनोज कुमार तिवारी टाटा, बांसी सहकारी समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुदामा प्रसाद दुबे, ब्रज राम पटेल, डीएस विवेक, , जिला महिला प्रमुख नीलम सोनी, एसएचजी प्रमुख राजकुमारी बुंदेला, राजकुमार चौरसिया, उदय सिंह राणा, हरिमोहन गोस्वामी, आलोक जैन, गौरव चतुवेर्दी, अभिषेक शर्मा, अमित दुबे गोल्डन, कुंज बिहारी शर्मा, आनंद राजपूत, मृतमजय चंदेल, दीप्ति राजे सहित जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों के संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बेटियों को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं, बेटियों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर में आयोजित जागरूकता बैठक में महिलाओं व बेटियों को जागरूक किया गया। थाना ककरवई में तैनात महिला आरक्षी जीतू यादव एवं पूजा द्वारा महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102 एवं 108 के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को जाना। महिलाओं बेटियों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि किसी महिला या बेटी को कोई समस्या होती है तो वह घर बैठे हेल्पलाइन नंबर लगाकर सहायता ले सकती हैं। पुलिस द्वारा पीड़ित महिला की तुरंत सहायता की जाएगी। इस मौके पर थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक नरेन्द्र नरेन्द्र, सिपाही गोविंद यादव शिक्षक भ्रगुनाथ पाल, सचिन कुमार, सतीशचंद्र सोनी सहित ग्राम की महिलाएं व बेटियां मौजूद रही।

# ढाबे में पकड़े गए दस जुआरियों पर हुई कार्रवाई



अमन लेखनी समाचार

ललौली, फतेहपुर। विगत दिवस रविवार को जनपद के ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा टांडा मार्ग में संचालित एक ढाबे पर हो रहे लाखों के जुआ की सूचना पाकर ललौली थाना प्रभारी ने छापेमारी की जिसके सापेक्ष ढाबे के अंदर जुआ खेल रहे 32 वर्षीय अतुल मिश्रा पुत्र भोला प्रसाद मिश्रा निवासी गांव ओती, 43 वर्षीय राजेश सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवपूजन निवासी गांव ओती, 32 वर्षीय राम बहादुर पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम ओती, 26 वर्षीय श्याम द्विवेदी पुत्र श्री राम द्विवेदी निवासी गांव ओती थाना ललौली जनपद फतेहपुर, 32 वर्षीय रफीक पुत्र शहीद निवासी ग्राम बहुआ थाना ललौली, 22 वर्षीय अतीक पुत्र रईस निवासी गांव शास्त्री नगर बहुआ, 30 वर्षीय शिवचंद्र शुक्ला पुत्र जगदंबा प्रसाद शुक्ला निवासी गांव बहुआ थाना ललौली, 40 वर्षीय पंकज पुत्र घनश्याम निवासी गांव बहुआ थाना ललौली, 34 वर्षीय संजय कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव सिधांव थाना ललौली, 26 वर्षीय अभिषेक पुत्र सत्येंद्र निवासी गांव बहुआ थाना ललौली आदि 10 लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया थाना दक्षिणी बताया कि जुआरियों के पास लाखों की नगद रकम के साथ कई मोबाइल फोन तथा बाइक मौजूद मिली।

# अंधविश्वास की कुरीतियों से जनमानस हो दूर - कल्पना गौतम

**बाल विवाह की रोकथाम हेतु विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह**



अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद के निर्देशन एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के मार्गदर्शन में देवमई खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ला ने अगुवाई करते हुए समूचे विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के विद्यालयों में बाल विवाह से छुटकारा पाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराया विकासखंड के सभी परिषदीय पूर्व माध्यमिक कंपोजिट एवं प्राथमिक विद्यालयों में बेटियों की उच्च शिक्षा दीक्षा को लेकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण कराई गई शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में अध्यापिका कल्पना गौतम द्वारा आयोजित आयोजन में बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया आमंत्रण पाकर पहुंची महिलाएं एवं पुरुषों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र अध्यापिका मृदुल तिवारी कल्पना गौतम एवं विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह में पूर्ण रूप से रोकथाम लगाने की शपथ ग्रहण की अध्यापिका कल्पना गौतम ने शपथ ग्रहण कराते हुए अभिभावकों एवं बच्चों को अनेकों जानकारियां देते हुए बाल विवाह जैसी कुरीति समाप्त करने के लिए प्रेरित किया शिक्षिका ने कहा कि बाल विवाह एक अंधविश्वास कुरीति है जिसे आज भी कुछ लोग जानकारी न होने के कारण स्वीकार कर रहे हैं जिससे घरेलू हिंसा यौन उत्पीड़न महिला उत्पीड़न आदि समस्याएं आ जाती हैं यदि समाज अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा ग्रहण कराकर तथा पूर्ण आयु होने पर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न करें तो परिवार खुशहाली की ओर अग्रसर होता है तथा इन समस्याओं से छुटकारा मिलता है विद्यालय के बच्चों ने भी वर्तमान में चल रहे शारदीय नवरात्र को देखते हुए मां दुर्गा तथा माता का वाहन शेर प्रदर्शित करते हुए शिक्षा और विश्वास की अलख जगाई विद्यालय में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से शपथ ग्रहण के पश्चात लिखित रूप में हस्ताक्षरित शपथ स्वीकार की अभिभावकों ने भी बाल विवाह का पुरजोर विरोध किया इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ कलावती पूनम अनीता उर्मिला राजकली गोमती श्रीकांत समेत विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद रहें

# एंटी करप्शन के हाथों घूस लेते पकड़ा गया लेखपाल



**पैमाइश के नाम पर 5000 रुपये की किया घूसखोरी**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे जनपद के सदर तहसील अंतर्गत गांव खानपुर निवासी किसान शिव सोहन तिवारी की जमीन की पैमाइश के लिए स्थानीय लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव एंटी करप्शन के हाथों 5000 रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया मिली जानकारी के अनुसार लेखपाल फतेहपुर जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र के चक कोर्रा सादात गांव का निवासी है जिसने अपने कार्य क्षेत्र ग्राम पंचायत के किसान पर पैमाइश के मामले को लेकर रिश्वत का दबाव बनाया रिश्वत न देने पर बार-बार किसान तहसील के चक्कर काटता रहा लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव ने इस काम के लिए किसान से 5 000 रुपए की मांग की जहां किसान ने सारा मामला एंटी करेक्शन टीम को कह सुनाया किसान 5000 रुपए लेकर लेखपाल के पास पहुंचा तथा मांगने पर उसे दिया लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव जब तक अपनी जेब के अंदर पैसे रख पाता एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया तत्काल गिरफ्तार करते हुए लेखपाल के ऊपर स्थानीय थाना अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई

# मुख्य विकास अधिकारी ने की साप्ताहिक वर्चुअल समीक्षा

**गौशाला आश्रय स्थल में गौ सुरक्षा और उनके आश्रय रहे महत्वपूर्ण बिंदु**



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर सूरज पटेल जी द्वारा आज प्रातः गौवंश आश्रय स्थलों से सम्बन्धित सप्ताहिक वर्चुअल समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशुचिकित्साधिकारी व सम्बन्धित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में संरक्षित गौवंशो हेतु भरण-पोषण हेतु धनराशि मांग, पराली प्रबन्धन, सहभागिता योजना, निराश्रित गौवंशो को संरक्षण एवं प्रबंधन आदि बिन्दुओ पर गहन समीक्षा की गयी। खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड विजयीपुर को शिथिल पर्यवेक्षण हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त गौवंश आश्रय स्थलों हेतु नामित नोडल अधिकारी जिनके द्वारा नियमित रूप से भ्रमण नहीं किया जा रहा, उन्हे भी इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। विकास खण्ड असोथर में स्थित कोंडार गौवंश आश्रय स्थल पर विद्युत संयोजन के विषय में अवगत कराया गया कि वर्तमान में संयोजन नहीं हो पाया है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी, असोथर की लापरवाही के सम्बन्ध में उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही समस्त नोडल अधिकारियों को सप्ताहिक रूप से गौवंश आश्रय स्थलों का भ्रमण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्र से सम्बन्धित गौवंश आश्रय स्थलों पर पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में अनुश्रवण कर आवश्यकतानुरूप प्रबंध कराने के निर्देश दिये गये।

# विद्युत विभाग का अत्याचार नहीं सहेंगे संविदा कर्मी

**संविदा विद्युत कर्मियों ने काला फीता बांधकर सरकार का विरोध प्रदर्शन किया**




अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र दुगार्गंज सहित देवमई, चौडगरा बकेवर आदि में संविदा विद्युत कर्मियों ने हाथ में काला फीता बांधकर राज्य सरकार की नीतियों का विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध पूरा दिन रहा, काला फीता के साथ सभी कर्मियों ने अपना अपना काम भी किया। यह विरोध प्रदर्शन संविदा विद्युत कर्मी संघ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। जिन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन एवम उसके सहयोगी निगमों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं का समाधान न होने के कारण यूपीपीसीएल प्रबंधन व राज्य सरकार के विरोध में काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। यूपीपीसीएल तथा सरकार ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से मजदूरों का अनुबन्ध करके लाइनमैन, उपकेन्द्र परिचालक आदि का कार्य लेने में कोई संकोच नहीं किया है। वेतन के भुगतान में भी भेदभाव बरता जा रहा है। इस समय संविदा कर्मियों को 8 हजार 8 सौ रुपए प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है जबकि राज्य सरकार ने ऐसे संविदा कर्मियों का मासिक मानदेय 18 हजार रुपए निर्धारित कर रखा है।

### केंद्रीयमंत्री कौशल किशोर ने चार वर्ष पूर्व दिया था आश्वासन

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने बताया है कि 11 जुलाई 2019 को इस संघ के मुख्य संरक्षक भाजपा सांसद व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने संघ के पदाधिकारियों तथा उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के मध्य शक्ति भवन लखनऊ में वार्ता हुई थी जिसमें यूपीपीसीएल तथा मंत्री ने 45 दिन के अन्दर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया था। इतना ही नहीं 27 अक्टूबर 2021 को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के साथ भी कैम्प कार्यालय शक्तिभवन लखनऊ वार्ता के दौरान ऊर्जा मंत्री ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन अफसोस आज तक कोई समाधान नहीं हुआ।

ज्ञात हो कि सोमवार को जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में उपरोक्त कर्मियों के द्वारा काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विद्युत उपकेन्द्र दुगार्गंज में संविदा लाइनमैन नयनसिंह, रामकिशोर, धनंजय, अभिषेक, शिवसागर, गिरिजा शंकर, ऋतिक, नारायण, महेश आदर्श आदि ने काला दिवस मनाया।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्प हुआ शिक्षा विभाग



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ विजय किरन आनंद द्वारा जारी प्रपत्र के अनुसार जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के निर्देशन पर जनपद के सभी विकास खंड के शिक्षा क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम हेतु विद्यालयों में शपथ ग्रहण कराई गई जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र का कुशल नेतृत्व कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल के निर्देशन पर समूचे विकासखंड के अनेकों विद्यालयों में बाल विवाह को समाप्त करने के लिए शिक्षकों एवं बच्चों ने शपथ ग्रहण की विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय खैराबाद कंपोजिट विद्यालय सरहन खुर्द कंपोजिट विद्यालय गोहरारी प्राथमिक विद्यालय सरहन खुर्द प्राथमिक विद्यालय परसादपुर समेत कंपोजिट विद्यालय अमौली में छात्रों के अभिभावकों को आमंत्रित कर जागरुक करते हुए बच्चों के साथ शपथ ग्रहण कराई गई विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रामरती सहायक अध्यापिका प्रतिमा उमराव शुभा देवी समेत सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ संकल्प लेते हुए कहा कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं बाल विवाह को समाप्त करने का हर संभव प्रयास करूंगा जिससे आज के समाज में शिक्षा जगत में उच्च स्थान प्राप्त कर बेटियां स्वतंत्र तथा सुरक्षित हो सके जिसके लिए बाल विवाह में पूर्ण रूप से रोकथाम लगनी चाहिए

# चलो बुलावा आया हैं, माता ने बुलाया हैं....

**- नवरात्रि के पहले ही दिन देवी जागरण में रात्रभर झूमे भक्त**

अमन लेखनी समाचार

कुरावली/मैनपुरी। रविवार की रात्रि नगर के जीटी रोड गैलानाथ पुल के निकट स्थित माया यूरिया पंप परिसर में प्रमोद इंटर प्राइजेज एंड सप्लायर्स के प्रोपराइडर अमन प्रधान द्वारा विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ अध्यापक अरुण यादव और इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने फीता काटकर व माता रानी की आरती उतारकर किया। देवी जागरण में लखनऊ से पधारे कलाकारों ने पूरी रात एक से बढ़कर एक माता रानी के भजन प्रस्तुति कर भक्तों को बांधे रखा। कार्यक्रम के मध्य कलाकारों द्वारा माता की कई झांकिया भी प्रस्तुति की गई।

देवी जागरण के शुभारंभ करने के बाद अध्यापक अरुण यादव द्वारा लखनऊ से पधारे पार्टी के कलाकारों को सम्मानित किया गया। जिसके बाद गायको एक के बाद एक भजन प्रस्तुति कर भक्तों को झूमने पर मजवूर कर दिया। सर्व प्रथम कार्यक्रम के शुभारंभ होने पर पार्टी के कलाकार सचिन शुक्ला फरुर्खावाद ने गणेश वंदना के गीत गजानन आ जाओं एक बार की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया, इसके बाद कलाकार रोहिणा शुक्ला हरदोई ने चलो बुलावा आया हैं, माता ने बुलाया हैं, प्रस्तुति कर समां बांधा। पार्टी की गायिका मानसी त्रिवेदी कानपुर ने शेर पे सवार होके आजा शेरा बालिए, गीत गाकर पांडाल में मौजूद भक्तगणों को झूमने पर मजवूर कर दिया था। तत्पश्चात पार्टी के गायक मणिबाबू मैनपुरी ने बम बम भोले, गायिका बबिता सिंह कन्नौज ने ओ जंगल के राजा मेरी मैय्या को लेके आजा गीत की प्रस्तुति दी।

# दीवान राम सचित्र पटेल की दरोगा पद पर हुई प्रोन्नति



अमन लेखनी समाचार

**गरौठा, झाँसी।** कोतवाली में तैनात दीवान राम सचित्र पटेल का शासन द्वारा प्रमोशन किया गया है। उन्हें दीवान से दरोगा बनाया गया हैं। आज क्षेत्राधिकारी कार्यालय में उनके कंधे पर स्टार लगाए गए। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया एवं कोतवाली प्रभारी विनय दिवाकर द्वारा उनके कंधे पर स्टार लगाए गए। उन्हें मिठाई खिलाई गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय से मुख्य निरीक्षक सुरेश सिंह, सिपाही रमाकांत, अनुज कुमार, राहुल, कमल कुमार एवं कोतवाली से कोतवाली प्रभारी विनय दिवाकर, एस एस आई सुभाष चंद्र, एस आई, राम शंकर कटियार, एस आई शिव प्रकाश, एस आई रमाशंकर तिवारी, एस आई सूर्यकांत त्रिपाठी, सिपाही राजूपाल आदि मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



## फिल्म आसरा का फर्स्ट लुक आउट

**मुंबई।** निर्माता रत्नाकर कुमार और अभिनेता रितेश पांडेय स्टारर भोजपुरी फिल्म आसरा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म 'आसरा' के फर्स्ट लुक को ब्लैक एंड व्हाइट सेड में कुछ रंगों के साथ पेश किया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में अभिनेत्री सपना चौहान किसी बाग में बैठी हुई एक टक किसी चीज को निहारे जा रही हैं, वही पास में बैठे रितेश पांडेय अपने सामने बैठी सपना को देखे जा रहे हैं वे उनकी सुंदरता में इस कदर खोए हुए नजर आ रहे हैं कि मानो उन्हें दुनिया से कोई लेना देना ही नहीं बस अपनी प्रियतम को देखकर ही उन्हें सुकून मिल रहा हैं।

लाइफ Style



## उर्वशी
### गुमा 24 कैरेट गोल्ड का आई फोन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला किसी ना किसी वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। एक्ट्रेस हाल ही में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडिया-पाकिस्तान का मैच देखने पहुंची थीं। जहां से उर्वशी ने अपना एक वीडियो भी शेयर किया था।

अब मैच के बाद एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर लोगों से हेल्प मांगी है, जिसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। दरअसल, उर्वशी ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर की है। उन्होंने बताया है कि बीते दिन इंडिया-पाकिस्तान का मैच देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहुंची थी। बस वहीं स्टेडियम में उनका फोन गुम हो गया है। एक्ट्रेस ने नोट शेयर कर लिखा, अहमदाबाद में मेरा 24 कैरेट असली सोने का आई फोन खो गया! अगर किसी को यह मिले तो प्लीज मदद करें। जल्द से जल्द मुझसे कांटेक्ट करें! किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें, जो मदद कर सके। उर्वशी की इस पोस्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके मजे लेने शुरू कर दिए हैं। कुछ लोग तो ऐसे भी हैं, जो इसे उर्वशी का पब्लिसिटी स्टंट बता रहे हैं। तो ज्यादातर लोग उर्वशी को क्रिकेटर ऋषभ पंत के नाम से छेड़ते हुए नज़र आ रहे हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'उसमें ऋषभ पंत और नसीम शाह के स्क्रीनशॉट मौजूद हैं। एक तो कहा, पंत के पास होगा। वैसे ऐसा पहली बार नहीं है इससे पहले भी कई बार उर्वशी रौतेला ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। जब भी उर्वशी सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट करती हैं तो लोग उन्हें क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर ट्रोल करना शुरू कर देते हैं।

हॉलीवुड मसाला



## नहीं रहीं अभिनेत्री पाइपर...

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर अभिनेत्री पाइपर लॉरी का लॉस एंजेलिस में उनके आवास पर शनिवार तड़के निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। लॉरी एक मजबूत इच्छाशक्ति वाली अभिनेत्री थीं, जिन्हें उनके दमदार अभिनय के लिए तीन बार ऑस्कर के लिए भी नामांकित किया गया था। लॉरी की प्रबंधक ने ईमेल के माध्यम से बताया कि उनका (लॉरी) निधन बढ़ती उम्र संबंधी समस्या की वजह से हुआ। उन्होंने कहा कि लॉरी प्रतिभाशाली अभिनेत्री होने के साथ ही एक अच्छी इंसान भी थीं।



## मैं शेयरिंग करने में बहुत बेहतर हूं : ऐनी

लॉस एंजेलिस । हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे उम्र बढ़ने की अवधारणा को अप्रासंगिक मानती हैं और इस प्रक्रिया को जीने का दूसरा शब्द मानती हैं। उन्होंने कहा कि मैं उम्र के बारे में नहीं सोचती। मेरे लिए, उम्र बढ़ना जीने का दूसरा शब्द है। उन्होंने खुद के प्रति दयालु होना सीख लिया है और वह 'शेयरिंग' में भी बेहतर हैं। उन्होंने कहा, मैं उस प्वाइंट पर सही हूं, जहां मुझे इस बात की बेहतर समझ है कि मुझे चीजें कैसे करना पसंद है। मैं शेयरिंग करने में बहुत बेहतर हूं। मुझे लगता है कि मैं खुद के प्रति दयालु हूं और दूसरों के प्रति दयालु हूं। उन्होंने बताया कि मैं एक कंपनी के रूप में शिसीडो के बारे में तब से जानती हूं जब मैंने पहली बार एक एक्ट्रेस के रूप में शुरुआत की थी।



## दिव्या जुटी 'यारियां-2' के प्रमोशन में...

**मुंबई।** एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म यारियां 2 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। दिव्या फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं और लगातार उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अब 'यारियां 2' की स्टारकास्ट अमृतसर के गोल्डन टेंपल मत्था टेकने पहुंचीं। बता दें कि 20 अक्टूबर को दिव्या खोसला कुमार, यश दासगुप्ता, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी स्टारर फिल्म यारियां 2 सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म यारियां-2 का सॉन्ग 'सूट पटियाला' आउट हुआ है, जिसमें रेड कलर के सूट में दिव्या अपने कातिलाना अंदाज से लोगों को दीवाना बना रही हैं। गुरु रंधावा और नेहा कक्कड़ की आवाज ने 'सूट पटियाला' गाने में जान डाल दी है।



## सनी ने साइन की फिल्म बॉर्डर-2

**मुंबई।** फिल्म गदर 2 की सफलता के बाद अभिनेता सनी देओल दूसरे प्रोजेक्ट को साइन करने में जुट गए हैं। इनमें बहुप्रतीक्षित 'बॉर्डर 2' भी है। काफी समय से फिल्म को लेकर चर्चा हो रही है। निर्माता इस को कई साल पहले ही इसे बनाना चाह रहे थे लेकिन सनी देओल की लगातार असफलता के चलते उन्होंने रिस्क नहीं लिया। लेकिन अब गदर-2 की सफलता के बाद वे भी अपनी फिल्म बॉर्डर-2 के लिए तैयार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल इस फिल्म के लिए बड़ी डील साइन करने के साथ ही मुनाफे में भी अपनी हिस्सेदारी रखी है। 'गदर 2' के बाद सनी की डिमांड बढ़ गई है। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इस वॉर फिल्म के लिए 50 करोड़ चार्ज किए हैं। सूत्र ने कहा, '50 करोड़ के अलावा सनी ने एक और डील भी की है।

टीवी मसाला

## मेलोडी और भावनाओं के साथ 'प्यार दोबारा' गाना बेहद सुरीला

**मुंबई।** 'प्यार दोबारा', एक दिल को छू लेने वाला प्यार गीत, जिसे सूफ़ी-रॉक के प्रसिद्ध संगीतकार और हास्य कलाकार जाकिर खान के छोटे भाई ज़ीशान ख़ान ने गाया है, जो 10 अक्टूबर को रिलीज हुआ।



इसमें उनके साथ अभिनेत्री सारा गुरपाल स्क्रीन शेयर कर रही हैं। गाने में पहले प्यार की तड़प के साथ सच्चे प्रेम की जीवन में जश्न दिखाती है। गाने में सूफ़ी राग का स्वाद है। ज़ीशान ने कहा, संगीत और गीत दोनों ही एक गाने को यादगार बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह गाना मेलोडी और भावनाओं के मायने में बेहद विशेष है। सभी महान प्रेम कविताओं की तरह, यह अद्भुत भावनाओं को जगाता है और मुझे लगता है कि सभी किसी स्तर पर इससे संबंधित होंगे। इसके गीत बहुत कवितात्मक हैं, और ये दिखाते हैं कि कई बार दर्दनाक यादें हमें नई संबंधों को गले लगाने से रोकती हैं। सारा गुरपाल ने कहा, ऐसे एक सुंदर और संबंधित गाने का हिस्सा होना सराहनीय था। यह गहन भावनाओं को उत्तेजित करता है और इसके संवाद, संगीत और गीत के कारण, यह पंजाब और उत्तर भारत में एक बड़ी हिट होगा। मुझे विश्वास है कि प्यार दोबारा एक महत्वपूर्ण संगीतीय स्मृति बनेगा।

### सोशल ड्रामा 'डोरी' का पहला लुक जारी

**मुंबई।** सामाजिक रूप से प्रासंगिक शो को सामने लाने और रूढ़िवादिता को चुनौती देने के लिए सोशल ड्रामा 'डोरी' जल्द ही टीवी पर एयर होने जा रहा है। आगामी शो में सामाजिक कुरीतियों पर आधारित है। शो कई परित्यक्त लड़कियों की वास्तविकता को छूता है, जिन्हें उनके माता-पिता नहीं अपनाते। 'डोरी' ऐसी कहानी पेश करता है, जिसमें मानसिकता को प्रभावित करने की क्षमता है,जिससे सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। यह शो छह साल की प्यारी बेटी डोरी की कहानी है,जो बनारस के बुनकर मोहल्ले में अपने पालक पिता गंगाप्रसाद के साथ रहती है। गंगाप्रसाद एकअनुरागी पिता है, जिसने डोरी को उत्तम आदर्शों के साथ पालने को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है, और जिसके रचनात्मक अस्थायी समाधान यह सुनिश्चित करते हैं कि उसकी बेटी सुविधाओं की कमी महसूस न करें। इस शो में अभिनेत्री सुधाचंद्रन कैलाशी देवी के रूप में नजर आएंगी। अभिनेता अमर उपाध्याय गंगा प्रसाद के रूप में और बाल कलाकार माही भानुशाली डोरी की भूमिका निभा रहीं है।



## 'सिंघम अगेन' से दीपिका का पहला लुक जारी...

**मुंबई।** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के किरदार का रविवार को पहला लुक जारी किया। अजय देवगन और रणवीर सिंह अभिनीत सिंघम अगेन में पादुकोण पुलिस अधिकारी शक्ति शेट्टी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग हाल में शुरू हुई है। फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी ने सोशल



मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पादुकोण के किरदार का पहला लुक साझा किया और लिखा, हमारे पुलिस जगत की सबसे क्रूर और हिंसक अधिकारी। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, नारी सीता का भी रूप है और दुर्गा का भी, हमारे पुलिस जगत की सबसे क्रूर और हिंसक अधिकारी से मिलें, शक्ति शेट्टी, 'माई लेडी सिंघम' दीपिका पादुकोण। दीपिका पादुकोण हाल में शाहरुख खान अभिनीत एक्शन फिल्म जवान में नजर आई थीं।

## जाह्नवी आईं ट्रोलर्स के निशाने पर....

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपने ग्लैमरस लुक के लिए बेहद मशहूर हैं। जाह्नवी अपने हॉट एंड सेक्सी लुक के लिए जानी-जाती हैं और उनकी यही अदा उनके चाहने वालों का दिल जीत लेती है। हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में एक्ट्रेस की रैंप वॉक की वीडियोज जमकर वायरल हो रही है। जाह्नवी अपनी वॉक की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। ब्लैक क्रॉप टॉप और धोती स्टाइल स्कर्ट को जाह्नवी ने बहुत शानदार तरीके से कैरी किया था। मगर अदाकारा की वॉक की वजह से ट्रोलर्स ने उन्हें बुरी तरह ट्रोल करना शुरू कर दिया है। जहां जाह्नवी की रैंप वॉक करते देख नेटिजंस भड़क गए हैं और उन्होंने उन्हें खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दिया है। जाह्नवी की वॉक लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आई है और वो उसे देखकर कह रहे हैं कि वो शो स्टॉपर कैसे बन गईं। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, ऐसा लगा रहा है कि वो ड्रेस में चल नहीं पा रही हैं। तो एक दूसरे यूजर ने लिखा, क्या एक्सप्रेशन दिया है ऐसे लग रहा है डर कर चल रही है, जीरो कॉन्फिडेंस लेवल।



## 100 करोड़ क्लब की ओर तेजी से बढ़ रही 'फुकरे-3




**मुंबई।** फुकरे 3 ने एक बार फिर से दर्शकों को हंसाने का जिम्मा अपने कंधों पर उठा लिया है। 28 सितंबर को बॉक्स ऑफिस पर एंट्री मारने वाली इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार था, जो कॉमेडी का ओवरडोज लेकर आई है। मूवी ने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया और फैंस का दिल जीत लिया। अब फिल्म को रिलीज हुए 17 दिन हो गए हैं, तो इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक,फुकरे 3 ने 17वें दिन 1.90 करोड़ रुपए की कमाई की है। अब टोटल कलेक्शन करीब 87.79 करोड़ रुपए हो गया है। अब फिल्म की कमाई को देखकर लगता है कि, फिल्म बहुत जल्द 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मार लेगी।

## पटरी से उतरी कॉमेडी फिल्म 'थैंक्यू फॉर कमिंग' ...



**मुंबई।** भूमि पेडनेकर और शहनाज गिल मल्टीस्टारर फिल्म 'थैंक्यू फॉर कमिंग' एक कॉमेडी फिल्म है। इस मूवी को लेकर फैंस के बीच में बज था, क्योंकि इसमें गर्ल्स गैंग ने अपना अधिकार बनाया हुआ है। फिल्म को रिलीज हुए 9 दिन हो गए हैं। 6 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म 40-50 करोड़ के बजट में बनी है, लेकिन फिल्म को अपनी लागत निकाल पाना भी मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन गिर गया है। शनिवार को तो कुछ खास कलेक्शन नहीं किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन अब केवल 6.63 करोड़ रहा है। थैंक्यू फॉर कमिंग' को एकता कपूर, रिया कपूर, अनिल कपूर ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

## 'मिशन रानीगंज' को वीकएंड नहीं आया रास




**मुंबई।** मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। मूवी को फैंस और क्रिटिक्स की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 9वें दिन 2.05 करोड़ का कलेक्शन किया है, जिसके बाद फिल्म का टोटल कारोबार 25.05 करोड़ रुपए हो गया है। यह एक रियल स्टोरी पर बनी फिल्म है, जिसमें रियल लाइफ हीरो जसवंत गिल का किरदार अक्षय कुमार ने निभाया है। वो अपने तेज दिमाग से 350 फीट नीचे स्थित कोयला खदान में फंसे हुए 65 मजदूरों की जान बचा लेते हैं। बता दें कि वो वहां बतौर रेस्क्यू इंजिनीयर कोल इंडिया लिमिटेड काम कर रहे होते हैं।